अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कन्नौज।** एटा के थाना अलीगंज अंतर्गत गांव उम्मेदपुर निवासी उपेंद्र कुमार (28) सूरत में प्राइवेट नौकरी करते थे। आसफपुर पट्टी गांव निवासी रिश्ते के मामा रामनिवास के यहां शादी में शामिल होने आए थे। बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे केसरी नगला गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस सीएचसी लेकर आई जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिवार और रिश्तेदारों को सूचना दी है।

### फंदा लगाकर युवक ने दी जान, कोहराम

**कन्नौज।** युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमोलर गांव निवासी सर्वेश कुमार शर्मा (38) मजदूरी का काम करते थे। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण पत्नी को पीएम आवास योजना का लाभ मिला था। उसी में पत्नी बच्चों के साथ रहकर गुजर बसर करते थे। परिजनों ने बताया कि मंगलवार देर शाम मजदूरी कर घर लौटे और खाना खाकर बरामदे में लेट गए। रात 11 बजे के करीब पत्नी ने छत के हुक में गमछा के सहारे उन्हे फंदे पर लटका देखा। मजदूर की मौतसे परिवार में कोहराम मच गया।

### हादसे में दो युवकों की मौत में रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** पिछले दिनों ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवकों की मौत के मामले में मृतक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामकृष्ण नगर निवासी अखिलेश द्विवेदी ने कहा है कि उसका पुत्र प्रखर द्विवेदीअपने साथी आकाश चौरसिया के साथ 18 जनवरी की शाम सात बजे बाइक से घर लौट रहा था। मिरगांवा स्थित रेलवे क्रासिंग के सामने ट्रैक्टर चालक भूरा उर्फ तौकीक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनको जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था जहां आकाश की मौत हो गई थी जबकि प्रखर की को हैलट कानपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# छात्र-छात्राओं को चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित किया

संवाददाता सौरिख


छात्रा को प्रशस्ति पत्र देते पूर्व विधायक अरविंद प्रताप सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य पंकज राजपूत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया कि छात्र-छात्राओं को जीवन में आने वाली चुनौतियों से पीछे नहीं हटना चाहिए।

सौरिख-किसई जगदीशपुर में स्थित राजकीय हाईस्कूल में मां वागीश्वरी के पूजन अर्चन एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने की जबकि मुख्य अतिथि अरविंद प्रताप सिंह पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि पंकज राजपूत जिला पंचायत सदस्य रहे। पूरे वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को भावी चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता अमित कुमार ने जीवन जीने की शैली के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर बृजमोहन सिंह यादव, राजेश कुमार राठौर, रूवी राठौर, सत्यवान सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# आरटीई आवेदन में 57 दिन घटाए, वंचित हो सकते लोग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पिछले शैक्षिक सत्र में ऑनलाइन आवेदन की 109 दिन चली प्रक्रिया
- वर्ष 2026-27 के लिए महज 52 दिन ही दिए गए

**अमृत विचार।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया इस बार महज 52 दिन ही चलेगी। पिछले शैक्षिक सत्र में 109 दिन का समय दिया गया था। इससे कहा जा रहा है कि सभी जरूरतमंदों को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा।

शासनादेश के मुताबिक 02 फरवरी से पहले चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन का समय शुरू हो गया है। इसके तहत नर्सरी व कक्षा 01 में निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क प्रवेश मिलने का दावा किया जाता है। हालांकि हकीकत यह है कि कुल 25 प्रतिशत आरक्षित (करीब 7000 सीटों) पर 08 फीसदी लाभ भी जरूरतमंदों को नहीं मिलता है। इसके पीछे जिम्मेदारों का तर्क रहता है कि आवेदन ही नहीं आए हैं लेकिन आवेदन कम आने के कारण पर अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। शासनादेश में खामी के चलते सरकार की योजना पर पलीता लग रहा है। इस वजह से इसका लाभ दुर्बल व अलाभित समूह को नहीं मिल सकता है। इस बार एक मोहल्ले के जरूरतमंद को दूसरे मोहल्ले या वार्ड में स्थित स्कूल में प्रवेश न मिलने का शासनादेश आया है। अगर किसी वार्ड या ग्राम पंचायत में निजी स्कूल नहीं है या उसकी मैपिंग बेसिक शिक्षा विभाग में नहीं है तो वहां के जरूरतमंद बच्चे आरटीई से वंचित हो जाएंगे।



आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने की समय सीमा। अमृत विचार

### जानिए कितने दिनों तक चलेगी प्रक्रिया

- वर्ष 2026-27 के लिए फरवरी में कुल 27 दिनों तक ही ऑनलाइन आवेदन करने के साथ ही लॉटरी निकालने व स्कूल आवंटन आदि की प्रक्रिया चलेगी। मार्च में महज 25 दिनों में यह प्रक्रिया रहेगी। कुल 52 दिन ही बच्चों व अधिकारियों के लिए दिए गए हैं। दूसरी ओर वर्ष 2025-26 के लिए कुल 109 दिन दिए गए थे। इसमें दिसंबर 2024 में 31 दिन, जनवरी 2025 में 31 दिन, फरवरी में 28 और मार्च में 19 दिन मिले थे। इस हिसाब से 57 दिन कम हो गए। पिछले साल जहां चार चरण थे, इस बार घटाकर तीन ही कर दिए गए।

### प्रपत्रों को बनवाने में लगता है समय

- जरूरतमंदों ने बताया कि आवेदन में आय प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र लगता है। साथ ही जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड भी होना चाहिए। तहसील से बनने वाले प्रपत्रों में समय लगता है। इसलिए आरटीई आवेदन का समय बढ़ाना चाहिए। दूसरी ओर आवेदन करने के बाद जिनको किसी भी स्कूल में प्रवेश नहीं मिलता है उनको अंतिम चरण में विद्यालयों का आवंटन मिलना चाहिए।

### मंगलवार देर रात एसटीएफ ने की कार्रवाई, पेट्रोल निकालने को लगाई मशीन भी बरामद

# टैंकर से पेट्रोल चोरी कर मिलावट में एक गिरफ्तार, चार फरार

संवाददाता मानीमऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने टैंकर से पेट्रोल चोरी और ईंधन को मिलावट कर बेचे जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि चार मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मामले में सदर कोतवाली में 11 संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। स्थानीय पुलिस ने पेट्रोल टैंकर और चोरी के पेट्रोल भरे ड्रमों समेत पिकअप को चौकी में खड़ा करा दिया। एसटीएफ भागे हुए आरोपियों को खोजने में जुट गई है।

मंगलवार रात करीब 8:30 बजे मानीमऊ पंचायत घर के पीछे एक ढाबे के पास खाली पड़े बाग में नायरा कंपनी का पेट्रोल टैंकर खड़ा था। यहां एक पिकअप पर 6 ड्रम लोड थे। पांच लोग टैंकर से जेनरेटर व पाइप के माध्यम से पेट्रोल निकाल रहे थे। इसी दौरान लखनऊ एसटीएफ के निरीक्षक दिलीप तिवारी, उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक अशोक गुप्ता, हेड कांस्टेबल रुद्र नारायण, राजेश मौर्य, विजय वर्मा ने सटीक सूचना पर छापा मार दिया। पुलिस देख चार लोग घने कोहरे व अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से एसटीएफ ने राजेंद्र कुमार पाल निवासी मकान नंबर 477, रतनपुर, थाना पनकी, जिला कानपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में राजेंद्र ने भागे आरोपियों के नाम मुख्य सरगना अमित पाल निवासी कन्नौज, सौरभ यादव, धर्मराज व हंसराज पाल बताए। एसटीएफ ने टैंकर जिसमें 20000 लीटर पेट्रोल है, पिकअप गाड़ी 600 लीटर पेट्रोल से लदी और 245 लीटर एथेनॉल, एक ड्रम खाली, एक जनरेटर पंप, एक प्लास्टिक पाइप बरामद किया। एसटीएफ ने रात में ही कन्नौज आबकारी विभाग से हरिश्चंद्र, अब्दुल साबिर, पूर्ति निरीक्षक सौरभ गुप्ता को घटनास्थल पर बुलाकर नमूना लिया।

आबकारी विभाग के प्रयोगशाला की जांच में इथेनॉल पाया गया। बताया गया कि टैंकर कानपुर टर्मिनल से लोड होकर कासगंज के लिए जा रहा था।



मानीमऊ पुलिस चौकी में खड़ा पेट्रोल टैंकर और पिकअप में रखे पेट्रोल-ईथेनाल के ड्रम। अमृत विचार


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बांस के टट्टर से घिरा मैदान जहां रखा जा रहा था चोरी का पेट्रोल। अमृत विचार


गिरफ्त में आया आरोपी राजेंद्र पाल।

### मिलावट कर 80-85 रुपये लीटर बेंचते थे पेट्रोल

- **मानीमऊ, कन्नौज।** पूछताछ में राजेंद्र पाल ने बताया पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने के बाद गिरोह का सरगना अमित पाल व अन्य लोग कन्नौज तथा लखनऊ के आसपास जिलों में 80 से 85 रुपये लीटर पेट्रोल की बिक्री करते थे। सरगना इथेनॉल 30 रुपये लीटर की दर से खरीद कर लाता था और कई टैंकरों से पेट्रोल निकाल कर उतनी ही मात्रा में इथेनॉल मिला देता था।

### पेट्रोल चुराने को किराए पर ली थी जमीन

- **मानीमऊ।** खास बात यह है कि आरोपियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास कानपुर-अलीगढ़ हाईवे के पास खाली जमीन 20 हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से किराए पर ले रखी थी। इसे बांस के टट्टरों से घेरकर उस पर पॉलीथिन चढ़ाई थी। इसमें ही पेट्रोल टैंकर को ले जाकर खाली करते और उतनी ही मात्रा में इथेनॉल केमिकल मिला देते थे जिससे टैंकर में पेट्रोल कम न हो। यह खेल लंबे समय से चल रहा था।


सर्किट हाउस में जानकारी देतीं प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, साथ में जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

# 'केंद्र की तर्ज पर बनेगा प्रदेश का बजट'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले की प्रभारी मंत्री बोलीं, 09 फरवरी से शुरू हो रहा विधानसभा का सत्र
- उपलब्धियां गिनाकर कहा कि फरवरी को पेश होगा प्रदेश का बजट

**अमृत विचार।** जिले की प्रभारी व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा है कि केंद्र के आधार पर ही यूपी का बजट आएगा। 09 फरवरी से विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है। 11 तारीख को बजट पेश होगा। उसी में जनपद के लिए भी प्रस्ताव शामिल हो सकता है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी गनाईं।

बुधवार को शहर के सर्किट हाउस में केंद्रीय बजट पर आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कन्नौज आते वक्त उन्होंने मोबाइल से तीनों तहसीलों के अधिकारियों से बात की और जाना कि वह कहां पर हैं। सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विकसित भारत, प्रदेश के विजन पर बजट आया है। युवाओं को रोजगार मिलेगा। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी।

आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकेगी। साथ ही कहा कि अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले व विभागों की समस्याओं पर बात होगी। कहा कि अब प्रदेश के बजट की तैयारियां चल रहीं हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, महामंत्री रामवीर कठेरिया व शैलेंद्र द्विवेदी, मीडिया प्रभारी शरद मिश्र, अशोक सिंह, विपिन द्विवेदी, अभिषेक पांडेय व अभिमन्यु सिंह मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते दिलीपनगर गांव के ग्रामीण। अमृत विचार

# बिल बकाये में काटी गांव की बिजली

**तिर्वा।** बिजली बिल बकाया होने के कारण पूरे तहसील क्षेत्र के दिलीप नगर गांव की बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई। इस कार्रवाई पर ग्रामीणों ने भारी नाराजगी दर्ज कराई।

बुधवार को ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर किया। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 15 दिन पहले गांव की बिजली काट दी गई थी, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित है। इस संबंध में एसडीओ सतीश चंद्र ने बताया कि दिलीप नगर गांव में कुल 40 कनेक्शन धारक हैं, जिन पर करीब पांच लाख रुपये से अधिक का बिल बकाया है। कई बार ग्रामीणों को समझाया गया कि कम से कम कुछ लोग ही बिल जमा कर दें, लेकिन भुगतान नहीं किया।

# मिड-डे मील के लिए 1.68 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**कन्नौज।** जिलेभर के परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिड-डे मील मुहैया कराने के लिए पीएम पोषण योजना के तहत 01 करोड़ 68 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इससे , मसाले, दाल, ईंधन, मौसमी सब्जियां, दूध आदि सामग्री उपलब्ध हो सकेगी।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने निर्देश दिए हैं कि मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। सभी प्रधान/प्रधानाध्यापक तय करें कि भोजन स्वच्छ, गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ही तैयार किया जाए। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि जनपद में 1006 प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय तथा 60 इंटर कॉलेज, कुल 1576 विद्यालय हैं जिसमें मध्यान्ह भोजन योजना लागू है। प्रत्येक बुधवार को प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को 150 मि.ली. तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को 200 मि.ली. ताजा दूध दिया जाता है।

# दो समस्याओं में निपटा महिला आयोग की सदस्य का दौरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विकास भवन सभागार में महिला मामलों से जुड़े दो प्रकरण जमीन व परिवार के आए

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में महिला जनसुनवाई की। इस दौरान दो मामले ही उनके पास आए। एक प्रकरण शिखा की भूमि पर अवैध कब्जे का था, दूसरा स्वाति सिंह का ससुराल पक्ष के मुकदमे से संबंधित था।

बुधवार को महिला आयोग की सदस्य ने दोनों प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। स्पष्ट किया कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। इससे पहले उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने 05 महिलाओं की गोदभराई, 03 बच्चों का अन्नप्राशन, 02 सैम बच्चों को पोषण पोटली तथा 04 बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र दिए। उन्होंने बाल विवाह मुक्त अभियान की शपथ भी दिलाई। निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित पेंशन, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मामलों को संवेदनशीलता के साथ देखा जाए। सदस्य ने प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुरवा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। जिला चिकित्सालय में न्यू बॉर्न बेबी केयर यूनिट, भर्ती महिलाओं से दवाइयों एवं आहार व्यवस्था की जानकारी की। महिला थाना कन्नौज में काउंसिलिंग प्रक्रिया एवं उपस्थिति रजिस्टर देखा। वन स्टॉप सेंटर वहां कैंटीन की व्यवस्था भी देखी। जिला कारागार में उन्होंने 18 महिला बंदियों से संवाद किया। उनके मानसिक एवं सामाजिक पुनर्वास के लिए भजन-कीर्तन, सिलाई-कढ़ाई एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियां संचालित कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।


विकास भवन सभागार में जनसुनवाई करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय।

जनसभा | कपूरपुर खेल मैदान में जनसभा को नगीना सांसद ने किया संबोधित

# भाजपा सरकार पर खूब बरसे चंद्रशेखर, उमड़ा हुजूम

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगीना से सांसद तथा आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद ने विधानसभा स्थित कपूरपुर खेल मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। लाखों की संख्या में जुटे समर्थकों से उन्होंने एकजुट होकर भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी को वोट देने की अपील की। इस दौरान भाजपा सरकार पर भी जमकर निशाना साधा।

चंद्रशेखर ने वर्तमान सरकार पर जनता को भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने एसआईआर का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर ऐसे विवादास्पद मुद्दे उठाकर लोगों का ध्यान मूल समस्याओं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य से हटाने की कोशिश कर रही है। यूजीसी कानून पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने घोषणा की कि वे जल्द ही दिल्ली जाकर इसके खिलाफ मजबूत आवाज उठाएंगे। उनका कहना था कि शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले बिना जनता की राय के थोपे जा रहे हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार की योजनाओं जैसे दो हजार रुपये की सहायता और पांच किलो मुफ्त राशन को भ्रम फैलाने वाला बताया। दावा किया कि पार्टी की सरकार बनने पर ऐसी अल्पकालिक योजनाएं बंद होंगी और शिक्षा-स्वास्थ्य क्षेत्र में ठोस निवेश किया जाएगा। बताया कि मूल रूप से यह सभा कसाबा खेल मैदान में प्रस्तावित थी, लेकिन सरकार की मंशा से स्थान बदलना पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुनील कुमार चित्तौड़, प्रदेश संगठन मंत्री मुख्य जोन प्रभारी रामगोपाल,जोन प्रभारी, शिवप्रकाश विश्वकर्मा, मुख्य मण्डल प्रदीप निगम मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव,जावेद वारसी,जयप्रकाश, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, कार्यक्रम आयोजक गुलाम वारिस, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष विजय गिहार, मण्डल सचिव वीरू खरे गुड्डू कठेरिया, जिला प्रभारी शेर सिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


मंच पर भाषण देते चंद्रशेखर आजाद। अमृत विचार

# लंबे इंतजार के बाद कार्डियोलॉजी हैंडओवर

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** बाबा साहेब भीमराव रामजी अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में आठ वर्ष पूर्व निर्मित कार्डियोलॉजी का हैंडओवर आखिरकार हो गया। कैथ लैब के अभाव में वर्षों से यह कार्य अटका था। अब सर्जन समेत पदों के सृजन का इंतजार है। बुधवार को डीएम की ओर से गठित सीडीओ समेत अधिकारियों की टीम ने कैथ लैब का निरीक्षण किया।

वर्ष 2018 में 127 करोड़ रुपये से 125 बेड का कार्डियोलॉजी अस्पताल तो बन गया था। कार्यदायी संस्था द्वारा कैथलैब का निर्माण नहीं कराए जाने से संचालन शुरू नहीं हो सका था। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल के लगातार प्रयासों के बाद दिसंबर से कैथ लैब का कार्य शुरू कराया जो जनवरी में पूरा हो गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा गठित चार सदस्यीय समिति में शामिल मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता दीपेश अस्थाना, सिंचाई खंड के अधिशासी अभियंता सूर्यमणि सिंह, विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता मगन सिंह ने प्राचार्य की मौजूदगी में निरीक्षण किया। इसके बाद कार्डियोलॉजी को औपचारिक रूप से मेडिकल कॉलेज प्रशासन के सुपुर्द कर दिया गया।

प्राचार्य ने बताया कि अस्पताल के संचालन के लिए सर्जन व अन्य आवश्यक पदों के सृजन का प्रस्ताव पहले ही शासन को भेजा जा चुका है।


तिर्वा हृदय रोग अस्पताल में नव निर्मित कैथ लैब को देखते सीडीओ व टीम।

# खेत में मिला युवती का झुलसा शव, पुलिस को हत्या का शक

## डेढ़ महीने पहले भी छिबरामऊ क्षेत्र में इसी तरह की घटना हुई थी, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित खेत में युवती का जला हुआ शव मिला है। किसी ज्वलनशील पदार्थ को डालकर जलाए जाने से पूरा शरीर पूरी तरह से झुलस चुका है जबकि चेहरा किसी तरह से बच गया। मामले में हत्या कर शव यहां लाकर जलाए जाने की आशंका पुलिस अधीक्षक की ओर से जताई गई है। उनके स्तर से पुलिस की टीमों का गठन कर जल्द खुलासे की बात भी कही गई है

बुधवार सुबह एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव ऋषुकाला में बलही गांव के रहने वाले रामबाबू कुशवाहा के आलू के खेत में युवती का बुरी तरह से झुलसा हुआ शव मिला। खास बात यह कि खेत राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 200 मीटर भीतर है। घटनाक्रम के अनुसार करीब 11 बजे के आसपास रामबाबू के भाई अमर सिंह खेतों की तरफ गए तो एक स्थान पर कुत्तों को घूमते देखा। शंका होने पर पास पहुंचे तो मामले का पता चला। उनकी सूचना पर गांव के तमाम लोग भी मौके पर जुट गए और इसके साथ ही तरह तरह की चर्चाएं होने लगीं। जानकारी दिए जाने पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार व कोतवाली से प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह व लगी भीड़।

यहां जांच पड़ताल के बाद फॉरेंसिक टीम, डॉक स्क्वायड और एसओजी टीम को बुलाया गया। टीमों ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शिनाख्त की कोशिश की गई लेकिन स्थानीय स्तर पर मृतका की पहचान नहीं हो सकी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई थी कि रामबाबू के खेत में युवती का शव जला मिला है। प्रथमदृष्टया ऐसा लग रहा है कि हत्या कहीं और करके यहां लाकर शव को जलाया गया है। खुलासे को लेकर पुलिस की गई टीमों का गठन कर दिया गया है। इसके साथ ही आसपास के जनपदों में भी गुमशुदा या अपहृत युवतियों के बारे में जानकारी की जा रही है। चूंकि शव का चेहरा काफी हद तक सुरक्षित है तो इसकी फोटो भी भेजी जा रही है। इससे मृतका की पहचान की जा सके।

### छिबरामऊ में भी मिला था जला शव

- **कन्नौज।** डेढ़ माह पहले छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के निगोह गांव में भी हाईवे के किनारे एक युवती का शव जला हुआ मिला था। पुलिस ने दो दिन में ही मुठभेड़ के बाद दो आरोपी दबोचे थे।

# अनिल कश्यप बार अध्यक्ष कार्यकारिणी भी निर्विरोध



निर्विरोध निर्वाचित हुए बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता तिर्वा

- संगठन के सभी अधिवक्ताओं ने चुनाव कराने का निर्णय किया
- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में संगठन के सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से चुनाव कराने का निर्णय किया। इस क्रम में अध्यक्ष समेत सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया।

निर्वाचन अधिकारी एड. सुधीर सिंह, बृज किशोर अवस्थी तथा बृजमोहन सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए अनिल कश्यप, उपाध्यक्ष पद पर सुमित कुमार श्रीवास्तव, विपिन कुमार, महामंत्री उपेन्द्र कुमार पाल, कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार राजपूत तथा सचिव अनिल कुमार शुक्ला को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव, राम रतन पाल, सुरेंद्र सिंह यादव, कमलेश पाल, अजय बघेल, देवेंद्र सिंह भदोरिया, तथा राहुल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया।

# बोर्ड परीक्षा पेपरों के दो-दो सेट आए, आठ केंद्र संवेदनशील

**कन्नौज।** जनपद में यूपी बोर्ड यानि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। इसके लिए 96 केंद्र बनाए गए हैं। 08 परीक्षा केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। दूसरी ओर सभी विषयों के प्रश्न पत्रों के दो-दो सेट उपलब्ध हो गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। जनपद में पिछले साल की तरह इस बार भी 08 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में शामिल किया गया है। बताया कि प्रॉक्सी परीक्षार्थी के पकड़े जाने, नए परीक्षा केंद्र व जिले की सीमा पर बने केंद्रों पर सुरक्षा चौकस रहेगी। नकल किसी भी कीमत पर नहीं होने दी जाएगी। दूसरी ओर बताया गया है कि शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के सभी विषयों के प्रश्न पत्रों के दो-दो सेट आ गए हैं। एक सेट आपातकाल के लिए सुरक्षित किया गया है। स्ट्रांग रूम में पुलिस बल तैनात है।

## न्यूज ब्रीफ

### मेडिकल कॉलेज में सात को सेमिनार

**कन्नौज।** तिर्वा स्थित डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के प्रेक्षागृह में सात फरवरी को सुबह 09 बजे से सर्जरी विभाग का सेमिनार होगा। बताया जा रहा है कि सतत चिकित्सा शिक्षा, सौम्य और घातक स्तन रोग व ऑन्कोप्लास्टिक स्तन सर्जरी तथा केस आधारित विशेषज्ञ वार्ता होगी। इसमें दूर-दूर से आचार्य व डॉक्टर शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजक प्रोफेसर व डॉ. मोहम्मद अतहर ने बताया कि कार्यक्रम में सर्जन, ऑन्कोसर्जन, रेजिडेंट व मेडिकल फैकल्टी शामिल होगी।

### सपा नेता के निधन से शोक, जताई संवेदना

**गुरसहायगंज।** क्षेत्र के ग्राम सौंसरापुर निवासी समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मंसूर खां का लम्बी बीमारी के चलते बुधवार को निधन हो गया। खबर सुनते ही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, यश दोहरे, प्रदेश सचिव हसीब हसन, नाजिम खान, पूर्व प्रधान हारुन अहमद, अच्छे खां, एमआईएम जिलाध्यक्ष इशरत खान, उमर इदरीसी, पूर्व प्रधान आसिफ खान, मुशाहिद रज़ा खान, प्रोफेसर आफताब अहमद, मो. आमिर खान, मुकीम खान, रामसेवक बाथम, पिंटू यादव, जुनैद खान, अयूब सिद्दीकी, अकील खान, मुजफ्फर खान, शान अहमद, पूर्व प्रधान मुश्ताक खां आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### 10 को जिलास्तरीय बाल उत्सव

**कन्नौज।** मीना मंच के तहत जिला स्तरीय बाल उत्सव 10 फरवरी को होगा। बताया गया है कि शासन ने इसके लिए 1.60 लाख बजट दिया है। कार्यक्रम बीआरसी सदर में कराया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बच्चों की अभिव्यक्ति के लिए मंच देने की बात कही गई है। परिषदीय व कंपोजिट स्कूलों में बच्चों में समता के भाव विकसित करने, उनके सर्वांगीण विकास, क्रॉस लर्निंग स्पेस, खुली चर्चाओं और नए शैक्षिक तरीके खोजने, प्रतिभा दिखाने और छुपी हुई क्षमता का पता लगाने के अवसर देने के लिए मीना मंच है। 2025-26 के राज्य स्तरीय मद ने प्रगति-स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 बाल उत्सव के लिए अनुमोदन मिला है।

### भाजपा की बैठक में एसआईआर पर चर्चा

**छिबरामऊ।** सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर के पास अटल भवन में हुई भाजपा की संगठनात्मक बैठक में 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति सहित प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की गई। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि भाजपा केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक परिवार है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण पर कहा भाजपा समर्थक एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिववीर भदौरिया, जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री शैलेन्द्र द्विवेदी, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे।

### 'मानव धर्म ही सबसे बड़ा धर्म'

**छिबरामऊ।** श्रीमती गंगा देवी-चतुर्वेदी सरस्वती शिशु, विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री एवं हिन्दी साहित्य भारती के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रवीन्द्र शुक्ल ने कहा, मानव धर्म ही सबसे बड़ा धर्म है। हमें धर्म की रक्षा प्रयत्न पूर्वक करनी चाहिए। उन्होंने समाज, राष्ट्र, प्राचीन आदर्शों के साथ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे गूढ़ विषयों का भी बड़ी सहजता से विश्लेषण किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल, कवि ओम प्रकाश शुक्ल 'अज्ञात' एवं प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी ने माल्यार्पण के साथ स्मृति चिन्ह भेंट करके शुक्ल का जोरदार स्वागत किया।

### दो युवकों ने खाया विषाक्त पदार्थ, गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज नगर के मोहल्ला चिलौली निवासी अनुराग (20) व कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव त्योर खास निवासी शिवम ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ खा का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तभी गंभीर हालत मे परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# जिले में बिना लाइसेंस बिक रहा डीजल

**कन्नौज।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्रा के नेतृत्व में सौरिख-परौर मार्ग स्थित ग्राम इजलपुर में बायोडीजल पंप पर छापेमारी की गई। लाइसेंस न मिलने पर नोजल को सील कर दिया गया।

बताया गया है कि चौधरी मिस्टर सिंह डिग्री कॉलेज के सामने संचालित बायोडीजल पंप संचालन से संबंधित कोई भी लाइसेंस अथवा अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया।

जांच में पाया गया कि उक्त पंप से डीजल एवं पेट्रोल अवैध रूप से बिक्री की जा रही है। डीएसओ ने बताया कि इस पर कार्रवाई करते हुए भूमिगत टैंक से डीजल एवं पेट्रोल के नमूने लिए गए। पंप पर स्थापित दो नोजल एवं भूमिगत टैंक से जुड़े चार पाइपों को सील कर दिया गया है। साथ ही दुकानदार अजीत निवासी परौर को अग्रिम आदेश तक किसी भी प्रकार के पेट्रोलियम पदार्थ की बिक्री न करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**लूटपाट के दोषी को 8 साल की जेल: कन्नौज।** एक व्यक्ति से लूटपाट के मामले में दोषी को न्यायालय में आठ साल की सजा सुनाने के साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना किया है।

लूटपाट के संबंध में आरोपी विपिन यादव पुत्र मुनीष कुमार निवासी घनश्यामपुरा थाना जसवंतनगर जनपद इटावा के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किया गया। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय एडीजे प्रथम / डकैती कन्नौज ने दोषी को 08 वर्ष का कठोर कारावास व 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल से बच्चों का टीकाकरण प्रभावित

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आशा कार्यकर्ता पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। उनकी हड़ताल के कारण जनपद में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बुधवार को भी आशा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रखा। सीएमओ के रुख से हड़ताल समाप्त होने के आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं।

आशा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर 15 दिसंबर को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल शुरू की थी। इस हड़ताल से नियमित टीकाकरण, गर्भवती की जांच, रूबेला टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं। हड़ताल के 50 दिन बीत जाने के बाद भी उनकी मांगों पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। स्थानीय स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं का लाखों रुपए का भुगतान भी लंबित है।



सीएमओ कार्यालय के बाहर धरने पर बैठीं आशा कार्यकत्रियां। अमृत विचार

बुधवार को सीएमओ कार्यालय में धरने के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष मिथिलेश सोलंकी ने बताया कि जब तक उनका भुगतान नहीं हो जाता और सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक धरना जारी रहेगा। आशाओं के धरने को किसान यूनियन टिकैत का भी समर्थन प्राप्त है।

# संपत्ति ब्योरे की बाधा नहीं ट्रेजरी में लगा वेतन बिल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के खातों में आज पहुंच सकता वेतन
- जनपद में प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में तैनात हैं

**अमृत विचार।** मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों से संपत्ति का ब्योरा मांगा गया है। इसको लेकर परिषदीय स्कूलों के अध्यापकों का वेतन जारी नहीं हो सका है। बुधवार को ट्रेजरी में बिल लग गया है। संभावना है कि आज से कल तक वेतन खातों में पहुंच जाएगा।

बताया जा रहा है कि राज्य कर्मियों व राजकीय विद्यालयों के अध्यापकों के लिए कहा गया है कि अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर फीड करें। महानिदेशक का भी पत्र आने के बाद से कई तरह के कयास लगाए गए। उस वजह से प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों के शिक्षकों के खातों में वेतन नहीं पहुंच सका। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन जनपद के प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट स्कूलों में करबी 5300 शिक्षक-शिक्षिकाओं का वेतन वित्त एवं लेखाधिकारी की ओर से पास किया जाता है। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के 218 अध्यापकों को भी वेतन मिलता है। जब से नए वित्त एवं लेखाधिकारी शिवम गुप्ता ने चार्ज संभाला उसके बाद से हर महीने की एक या दो तारीख को वेतन शिक्षकों के खातों में पहुंच जाता है। इस बार ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि 04 फरवरी को कोषागार में बिल लग गया है। 05 फरवरी से वेतन पहुंचने की उम्मीद है।

# डिजिटल युग में लापरवाही बन सकती नुकसान का कारण : सीओ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के सभागार में साइबर सेल एवं विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

साइबर क्राइम शाखा के क्षेत्राधिकारी अभय वर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर ठगी के तरीकों एवं उनसे बचाव व उनकी पहचान बताते हुए उनसे सचेत रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में थोड़ी सी लापरवाही भारी नुकसान का कारण बन सकती है, इसलिए हर ऑनलाइन लेनदेन में सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले उसकी सत्यता की जांच करें।साइबर क्राइम के उप निरीक्षक सुबोध यादव ने कहा कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर साझा की जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी को सीमित रखें। साइबर थाने के प्रधान आरक्षी रविन्द्र प्रताप सिंह ने साइबर ठगी के तमाम किस्से बताते हुए उनसे सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि साइबर ठग आपके मोबाइल से हॉटस्पॉट लेकर भी फ्रॉड करते हैं तो भी आप फंस सकते हैं। फैकल्टी ऑफ लॉ के डॉ उदित अग्निहोत्री ने भी साइबर अपराधों व उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व मुख्यअतिथि क्षेत्राधिकारी साइबर सेल अभय वर्मा, विश्वविद्यालय के कुलसचिव रणजीत सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय में मौजूद अधिकारी व विद्यार्थी। अमृत विचार

# ओवरलोड खनन सामग्री ढोते हुये दो ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद।** एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा संजय प्रताप, खनन अधिकारी के साथ बघार क्षेत्र में खनन सामग्री ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

बिना एचएसआरपी लगाये खनन सामग्री ढोते हुये दो ओवरलोड ट्रक पकड़े गये तथा इन पर परिवहन विभाग द्वारा 74 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा खनन विभाग द्वारा 48 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि खनन विभाग के पोर्टल पर इनका पंजीकरण नहीं था इसलिये इन वाहनों की वीटीएस के माध्यम से ऑनलाइन निगरानी सम्भव नहीं थी। परिवहन विभाग द्वारा 2 ट्रक टैक्स बकाया में सीज भी किये गये तथा एक बिना परमिट ट्रक सीज किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 2.18 लाख रुपये तथा खनन विभाग द्वारा 48 हजार रुपया जुर्माना लगाया गया।

# शब-ए-बारात पर देर रात तक रौशन रहे कब्रिस्तान, कब्रों पर फातिहा पढ़ा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर में मंगलवार रात शब-ए-बारात अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मस्जिदों, मदरसों और विभिन्न जगहों में अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं की गईं। अकीदतमंदों ने रात भर इबादत की और कब्रिस्तानों में जाकर अपने दिवंगत परिजनों के लिए फातिहा पढ़ा। देर रात तक कब्रिस्तान रौशन रहे।

कब्रिस्तानों में रोशनी के विशेष इंतजाम किए गए थे, वहीं इबादतगाहों को झालरों से सजाया गया था। शमशेर खानी और बहादुरगंज तराई जमाते इस्लामिया सहित कई स्थानों पर जलसों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मंगलवार को मुसलमानों ने मगरिब की नमाज के बाद मस्जिदों का रुख किया। ईशा की नमाज के बाद पुरुषों ने कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों को याद करते हुए उनकी कब्रों पर फातिहा पढ़ा। वहीं, महिलाएं घरों में अल्लाह ताला की इबादत में मशगूल रहीं। इसके बाद बुधवार को रोजा रखा गया। शब-ए-बारात को लेकर शहर के सभी कब्रिस्तानों में साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया। शहर काजी मुताहिर अली और मौलाना सदाकत हुसैन सेथली अली ने इसे इबादत की रात बताया। उन्होंने लोगों से पूरी रात इबादत करने और सड़कों पर बेवजह न घूमने की अपील की। इसमें हजरत मौलाना मोहम्मद शिबली साहब, हजरत मौलाना मुफ्ती जफर कासमी, मौलाना लहिक, मौलाना जियाउर रहमान, मौलाना अतिकुर रहमान, हाफिज ताहिर फुरकान अहमद खान सहित कई लोग मौजूद रहे।



कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

**आक्रोश** व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी रुटोल स्थित बिजली उपकेंद्र पहुंचे अपनी मांगें रखीं

# व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर को लेकर खोला मोर्चा, मांग पत्र सौंपा

संवाददाता कायमगंज

**अमृतविचार।** कायमगंज क्षेत्र में प्रीपेड मीटर लगाए जाने की तैयारियों और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारियों का आक्रोश फूट पड़ा। बुधवार को व्यापार मंडल के दर्जनों पदाधिकारी रुटोल स्थित बिजली उपकेंद्र पहुंचे और अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को मुख्यमंत्री को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने दो टूक कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के बिना प्रीपेड मीटर योजना को थोपना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपते हुए व्यापारियों ने मांग की कि प्रीपेड मीटर लगाने से पहले उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी राशि वापस की जाए। व्यापारियों का तर्क है कि जब बिजली पहले से रिचार्ज होगी, तो सिक्योरिटी रखने का कोई औचित्य नहीं है। इसके अलावा, व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर लगने के बाद फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी को पूर्णतः समाप्त कर केवल उपभोग की गई यूनिट के आधार पर ही बिलिंग की मांग की।



व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता को मुख्यमंत्री को संबोधित 19 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

व्यापार मंडल ने विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मीटर उतारते या लगाते समय 100 प्रतिशत मामलों में सीलिंग सर्टिफिकेट मौके पर ही दिया जाए। लैब जांच के नाम पर उपभोक्ताओं पर चोरी के झूठे आरोप और एफआईआर की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि 25-30 साल पुराने पीडी कनेक्शनों की आरसी जारी करना अवैध वसूली का जरिया बन गया है। ज्ञापन में मांग की गई कि सोलर नेट मीटरिंग वाले उपभोक्ताओं के बिल सॉफ्टवेयर में सुधार कर सही किए जाएं। साथ ही, वर्तमान में चल रही ओटीएस (एकमुश्त समाधान) योजना का लाभ केवल छोटे उपभोक्ताओं तक सीमित न रखकर सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को भी दिया जाए। व्यापारियों ने कहा बिजली कटौती का रोस्टर सार्वजनिक किया जाए और अघोषित कटौती बंद हो। कार्यालय में प्रार्थना पत्र की अनिवार्य रूप से रिसीविंग दी जाए। मीटर की जांच लीगल मेट्रोलॉजी विभाग से प्रतिवर्ष कराई जाए। चेक मीटर लगाते समय मौके पर सीलिंग सर्टिफिकेट दिया जाए। लाइन लॉस अधिक होने पर संबंधित जेई और एसडीओ की जवाबदेही तय हो।

# शहर में अब ठंडी सड़क पर लगेगा संडे बाजार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शहर के हृदय स्थल चौक से नेहरू रोड तक वर्षों से लगने वाला संडे बाजार आखिरकार ठंडी सड़क पर स्थानांतरित कर दिया गया है। यह बाजार अब रेलवे स्टेशन से लेकर नवभारत सभा भवन तक लगाया जा रहा है।

रविवार को लगने वाला यह बाजार केवल खरीद-फरोख्त का केंद्र नहीं, बल्कि गरीब, मेहनतकश और सीमित आय वाले लोगों की आजीविका का मजबूत सहारा रहा है। बाजार बंद होने से सैकड़ों छोटे दुकानदारों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था, वहीं आम लोगों को सस्ती और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुएं मिलना भी मुश्किल हो गया था। कभी रविवार के दिन चौक से नेहरू रोड तक मेले जैसा माहौल रहता था। फुटपाथ पर सजी दुकानों में गर्म कपड़े, जूते-चप्पल, घरेलू उपयोग का सामान और बच्चों के कपड़े बेहद सस्ती दरों पर उपलब्ध होते थे। खासकर सर्दियों के मौसम में यह बाजार गरीब और मध्यम वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं था। जब बड़े महानगरों में संडे बाजार, बुध बाजार और साप्ताहिक हाट सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, तो फर्रुखाबाद में इसे बंद करना समझ से परे था। प्रशासन के इस फैसले का जनमानस ने स्वागत किया है।

न्यूज ब्रीफ

### लेंटर पड़ते समय हुई मारपीट, छह घायल

**बसरेहर ।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव चकबा बुजुर्ग में लेंटर पड़ते समय छज्जा निकालने को लेकर हुई कहा सुनी इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों में जमकर ईंट पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्ष के छह लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चकवा बुजुर्ग में विनीत कुमार का लेंटर पड़ रहा था तभी परिवार के ही भूरे सिंह निवासी चकवा बुजुर्ग थाना बसरेहर ने छज्जा निकालने को लेकर विरोध किया। इसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी मामला तूल पकड़ गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों से ईंट पत्थर चलने शुरू हो गए, जिसमें 6 लोग हुए घायल हो गए। इसमें एक पक्ष के विनीत कुमार , राजा , शिव कुमार , रीना देवी व दूसरे पक्ष के भूरे सिंह , वेबी देवी घायल हो गईं। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने दोनों पक्षों से हुए घायलों को बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया ।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा।** निहारिका शर्मा 24 वर्ष पुत्री उमा शंकर शर्मा निवासी यशोदा नगर ने अपने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पाकर थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता उमा शंकर ने बताया कि निहारिका ने बीएससी तक पढ़ाई की थी। करीब एक महीने पहले वह घर में गिर गई थी, जिसके बाद से उसकी तबीयत और मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी।

### मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में चार लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत जिला अस्पताल में किसी बात को लेकर अज्ञात युवक ने मारपीट कर राधा बल्लभ निवासी नई मंडी फ्रेंड्स कालोनी को घायल कर दिया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत राजा का बाग निवासी नकुल को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौधरी पेट्रोल पम्प के पास दबंगों ने मारपीट कर गौरव निवासी कटरा बल सिंह को घायल कर दिया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दतावली के पास दबंगों ने मारपीट कर असित कुमार को घायल कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने घायलों का परीक्षण किया।

### पंचायत सहायक पर कार्रवाई के निर्देश

**महेवा ।** विकास खंड क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत बिजौली के पंचायत सहायक पर होगी विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र पाल सिंह भदौरिया बताया कि निर्वाचन आयोग के आदेश पर प्रदेश भर में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण कार्य चल रहा है जिसमें गत 31 जनवरी को एस आई आर कार्य समाप्त होने तक पंचायत सहायक की ड्यूटी लगाई थी लेकिन एक भी दिन के लिए वह सहायक निर्वाचन अधिकारी कक्ष में उपस्थित नहीं हुए जिसके चलते ग्राम सचिव बिजौली अनुष्का दुबे को विभागीय कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

### कावड़ मेले की तैयारियों का सीओ ने किया निरीक्षण

**ताखा।** सरसई नावर स्थित प्रसिद्ध हजारी महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले कावड़ मेले को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। सीओ भरथना रामदवन मौर्य ने मेला समिति एवं आयोजकों के साथ मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन तथा शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करना रहा। सीओ ने पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया और निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थलों पर ही कराई जाए, जिससे जाम की स्थिति न बने। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने, प्रमुख स्थानों पर बैरियर व बैरीकेडिंग करने पर विशेष जोर दिया गया। भीड़ प्रबंधन के लिए प्रवेश व निकास मार्गों को अलग-अलग रखने के निर्देश भी दिए गए। सीओ रामदवन मौर्य ने मेला समिति से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल प्रशासन को दी जाए। निरीक्षण के दौरान मेला समिति के पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराज सिंह भाटी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# शिवपाल ने दी धरने की धमकी

## बीएलओ की पिटाई से नाराज होकर जिलाधिकारी और एसएसपी से मिले

कार्यालय संवाददाता इटावा



डीएम एसएसपी से मिलने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते शिवपाल सिंह यादव।

- मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार ।** अपने गृह जनपद में बीएलओ की पिटाई से गुस्साए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मारपीट की घटना करने वाले भाजपाई के खिलाफ कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो वह धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। उन्होने डीएम व एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की है।

सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों ने चौबिया में बीएलओ अश्विनी कुमार के साथ मारपीट करने के साथ अपमानजनक व्यवहार किया है। वह मारपीट के शिकार बीएलओ अश्वनी कुमार के साथ डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला और एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से उनके ऑफिस में मिलने को पहुंचे थे।

बुधवार को डीएम और एसएसपी से हुई बातचीत के बाद शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकारों से बातचीत में इटावा के चुनाव अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फॉर्म 7 के नाम पर भाजपाई बीएलओ के साथ मारपीट करेंगे तो वह धरने पर बैठेंगे । इसपर डीएम ने न्याय का भरोसा दिया है इसलिए फिलहाल में धरने पर नहीं बैठ रहे हैं । उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष से जुड़े लोग बीएलओ के साथ मारपीट कर रहे हैं और फॉर्म 7 के जरिए अल्पसंख्यक समाज और पीडीए समाज के वोट कटवाए जा रहे हैं।

शिवपाल सिंह यादव ने जिलाधिकारी और एसएसपी को बताया कि भाजपा से जुड़े लोग बीएलओ और बीएलए को लगातार धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई जगहों पर मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं। उनका कहना है कि इस तरह की हरकतें लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की कोशिश हैं और प्रशासन को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होने कहा कि वह धरने पर बैठने का मन बनाकर आए थे, लेकिन प्रशासन ने जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर आगे भी बीएलओ, बीएलए या किसी को धमकाया गया और प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो वह वहीं धरना देंगे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया और उनके समर्थकों की ओर से की गई पिटाई के शिकार बीएलओ अश्विनी कुमार ने बताया कि उनकी बाइक को रोक करके उनको जूते से पीटा गया है, जिसकी शिकायत उन्होंने चुनाव से जुड़े हुए सभी उच्च अधिकारियों को दे दी है अब डीएम ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिया है। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने बताया कि शिवपाल सिंह यादव ने बीएलओ के साथ-साथ में मारपीट के अलावा एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर के उनसे मुलाकात की है और उनको भरोसा इस बात का दिया गया है कि बीएलओ के साथ मारपीट करने के बालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी ।

# कैंसर विजेताओं का किया सम्मान



कैंसर विजेताओं का सम्मान करते प्रो. डॉ. रमाकांत। अमृत विचार

संवाददाता सैफई इटावा

- यूपीयूएमएस सैफई में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा बुधवार को विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, रोगियों को भावनात्मक एवं सामाजिक समर्थन प्रदान करना तथा कैंसर से लड़ने के सामूहिक संकल्प को मजबूत करना था। प्रति कुलपति प्रो. रमाकांत ने कैंसर से सफलतापूर्वक जंग जीत चुके मरीजों को उनके अदम्य साहस, धैर्य एवं सकारात्मक सोच के लिए सम्मानित किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कैंसर सरवाइवर को प्रोत्साहित किया और उन्हें देखभाल एवं सहयोग के प्रतीक स्वरूप खाद्य पैकेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कैंसर विजेताओं की संघर्षगाथा से प्रेरणा प्राप्त की। युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित संदेशों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। ओपीडी में आने वाली महिलाओं को कैंसर से बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, जिसमें तंबाकू एवं शराब से परहेज, संतुलित आहार नियमित व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई। किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने पर विशेष बल दिया गया।

# सड़क नहीं तो फिर वोट नहीं

संवाददताता बकेवर इटावा



सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

- अट्ठारह साल से जर्जर मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन
- ग्रामीणों ने प्रशासन को दी चेतावनी

**अमृत विचार ।** महेवा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय मिठ्ठे में काली माता मंदिर से हाईवे तक जाने वाला लगभग 400 मीटर लंबा संपर्क मार्ग बीते 18 वर्षों से बदहाल स्थिति में है। उस सड़क से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। सड़क की जर्जर हालत से नाराज़ ग्रामीणों ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए "सड़क नहीं तो वोट नहीं" का नारा बुलंद किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वर्ष 2027 के चुनाव में मतदान का बहिष्कार किया जाएगा।

ग्रामीण रामनरेश, संदीप, प्रदीप, कल्लू पाल, रवि और अवनीश ने बताया कि गांव में काली माता मंदिर से लेकर हाईवे को जोड़ने वाली सड़क काफी जर्जर हालत में है। उस रोड से लोगों को निकलना मुश्किल हो रहा है। बरसात के मौसम में सड़क पर गहरे गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। इस सम्बंध में गांव के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा क्षेत्रीय नेताओं को सड़क बनवाने के लिए प्रार्थनापत्र दिए लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। जिससे लोगों में काफी आक्रोश है। बुधवार को लोगों ने इस सम्बंध में प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि यदि सड़क का जल्द ही निर्माण नही कराया गया तो वह लोग मिलकर चुनाव का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्षों से लंबित इस संपर्क मार्ग का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### विशेष टीकाकरण अभियान 16 से 27 फरवरी तक

**महेवा ।** सीएचसी के अंतर्गत आने वाले सभी गावों में खसरा एवं रुबेला रोग के पूर्ण उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 16 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक एक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्कूलों ,सार्वजनिक कार्य वाले स्थानों ,घरों में पहुंचकर पांच से दस वर्ष की आयु के सभी बच्चों को एम आर वैक्सीन लगाई जाएगी ।

इसकी जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉ अभिषेक वर्मा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक एएनएम को आशा कार्यकत्रियों ,आंगनबांड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीमें सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में पहुंचकर कक्षा एक से लेकर पांच तक पड़ने वाले बच्चे यानी पांच से दस वर्ष के सभी बच्चों का टीकारण किया जाएगा ।

# सड़क दुर्घटनाओं में चार गंभीर घायल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में उच्च संस्थानों के लिए रेफर कर दिया गया। जहां पर सभी का इलाज जारी है।

राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा से इटावा जाने वाली सड़क पर एक प्राइवेट अस्पताल के सामने बाइक सवार हरियाणा राज्य के फरीदाबाद निवासी कन्हैया लाल पुत्र रोशन लाल अपने नाती विवेक की शादी में शामिल होने के लिए झींझक जा रहे थे। उनकी बाइक डिवाइडर से टकराकर फिसल गई। हादसे में कन्हैया लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी में उपचार के दौरान हाथ और पैर में फ्रैक्चर पाए जाने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

फिरोजाबाद निवासी उर्मिला देवी पत्नी राम प्रकाश अपने पुत्र सुदामा के साथ बाइक से सिरहोल गांव जा रही थीं। सिरहोल बंबा की पुलिया पर बाइक फिसलने से वह गिरकर घायल हो गईं। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां पर उनका इलाज जारी है

राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलाजनी गांव के पास आंशू पुत्र रामरतन की बाइक स्लिप हो गई। उसे गंभीर हालत में उसे सीएचसी से सैफई रेफर किया गया। तिजोरा गांव के पैक्स रामेन्द्री देवी पत्नी सालिगराम सड़क पार कर रही थीं, तभी बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घायल महिला को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मामले की जानकारी होने पर रामेन्द्री देवी के परिजन भी मौके पर पहुंच गये।

### खड़े ट्रैक्टर में टकराई बाइक पिता पुत्र घायल

**भरथना।** जनपद औरैया के थाना कुदरकोट क्षेत्रान्तर्गत मसूदपुर निवासी रमेश चन्द्र पुत्र बाबु राम अपने बेटे धर्मेश के साथ बाइक पर सवार होकर भरथना क्षेत्र के गांव मोढी में एक रिश्तेदारी में आए थे। शाम करीब चार बजे भरथना बिधूना मार्ग होते हुए अपने घर वापस जा रहा था तभी भैंसाई गेट के समीप सामने से आ रही कार को बचाने में बाइक सडक पर खड़े ट्रैक्टर से जा भिड़ी जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल पिता पुत्र को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। इसके अलावा तेज सफ्तार बाइक ने साइकिल सवार छात्र को टक्कर मार दी जिससे छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पाली खुर्द निवासी छात्र शनि पुत्र रणवीर सिंह साइकिल से घर जा रहा था तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल छात्र को परिजन निजी अस्पताल ले गए।

# कभी भी बज सकती है पंचायत चुनाव की घंटी

संवाददताता महेवा इटावा

**अमृत विचार ।** पंचायत चुनाव के निकट आने के चलते पंचायत के विकास कार्यों में फंसा रुपया निकाले जाने के लिए ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर मनरेगा सहित केंद्रीय वित्त ,राज्य वित्त की धनराशि जारी करने तथा लंबित सभी भुगतान को किए जाने की मांग की है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि सरकार की तैयारियों एवं पंचायती राज मंत्री के बयानों के अनुसार अब प्रधानों का कार्यकाल बमुश्किल तीन माह ही शेष रह गया जबकि मनरेगा ,केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त के कार्यों का लाखों रुपये प्रति पंचायत प्रधानों का शेष है। धनराशि न आने तथा त्रिस्तरीय चुनाव की घंटी कभी भी बजने की आशंका के चलते प्रधान असमंजस में है । यदि चुनाव बढ़ते है तो प्रशासक नियुक्त होंगे ऐसी स्थिति में भी प्रधान भुगतान नहीं कर सकेंगे उन्होंने मुख्यमंत्री ,पंचायती राज्य मंत्री ,ग्राम विकास मंत्री आदि से सभी मदो की धनराशि जारी करने की मांग की है । उन्होंने कहा इससे सभी को राहत मिलेगी।

जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह सेंगर ने पंचायत में विकास कार्य ,मानदेय तथा अन्य का जो भी बाकी है उतनी धनराशि पंचायतों के खातों में एक मार्च के पूर्व भेजे जाने की मांग की है। प्रेस वार्ता के दौरान कई क्षेत्रीय प्रधान समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# सारे जहां में मेरे अलावा रहबर जिंदा किसका है

कार्यालय संवाददताता इटावा



महफ़िल में कलाम पेश करते तनवीर हसन।

- इमाम मेंहदी के 1192वें जमन्दिन पर हुई महफ़िल

**अमृत विचार ।** बारहवें इमाम मेंहदी अलैहिस्सलाम का 1192वें जन्मदिन के खुशहनुमा मौके पर हाजी अरशद मरगूब की ओर से इमाम बारगाह घटिया अज़मत अली पर महफ़िल का आयोजन किया गया।

मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने महफ़िल की अध्यक्षता करते हुए कहा इमाम मेंहदी की पैदायश सामरा बगदाद में 15 शाबान 255 हिजरी हुई। इमाम मेंहदी जब आएंगे तब उनके पास तमाम अम्बिया के मोजजात होंगे। इमाम मेंहदी मजलूमों को हक़ दिलाएंगे। इमाम का ज़हूर काबे में होगा। इमाम मेंहदी पर्दे में रहकर भी अपने चाहने वालों की रहनुमाई कर रहे हैं। मौलाना ज़मन हैदर जैदपुर ने कहा सारी दुनिया का मसीहा है अली का बेटा, ग़ैब में आज भी बैठा है अली का बेटा। मौलाना मोनिस हुसैन आब्दी पटना बिहार ने कहा मेरे हयात का दारोमदार पर्दे में, है दिल भी पर्दे में दिल का करार पर्दे में। मौलाना फरहान पिहानवी ने कहा रुतबा नमाजों का अपना है और हुसैन का अपना मकाम, अफजल कौन है ये बताएगा सजदा कमली वाले का। मौलाना मो. हैदर करबलाई ने कहा पूछते हो क्यों हमारा रहनुमा पर्दे में है, अक्ल के अंधों से पूछो क्यों खुदा पर्दे में है। तनवीर हसन ने कहा जैसा मौला हमे मिला है ऐसा मौला किसका है, सारे जहां में मेरे अलावा रहबर जिंदा किसका है। अख्तर अब्बास रिज़वी मोंटू ने कहा बस आखिरी हैदर से ये आखिरी ख्वाहिश है, जब जान लबों पे हो तुम सामने आ जाना। आसिफ रिज़वी अश्शू, आबिद रज़ा, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद बाकिर, तालिब रिज़वी ने भी कलाम पेश किए। संचालन सलमान रिज़वी ने किया। महफ़िल में अल्हाज क़मर अब्बास नक़वी करबलाई, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, इबाद रिज़वी, आतिफ एड., अयाज हुसैन, शौजब रिज़वी आदि रहे।

# गौशाला संचालन को लेकर सचिवों ने जताया आक्रोश

संवाददताता भरथना इटावा

**अमृत विचार ।** ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारियों की समन्वय समिति की आपातकालीन बैठक बुधवार सुबह सिंचाई संघ भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समन्वय समिति के अध्यक्ष पूरन सिंह और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ इटावा के अध्यक्ष दीपक यादव ने की। बैठक में जनपद के उच्च अधिकारियों के तानाशाही रवैये पर रोष जताते हुए गौशाला संचालन का विरोध किया गया।

सचिवों ने बताया कि जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायत गौशालाओं में पहले से सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनसे निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद एक ही कंपनी के कैमरे लगाने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाकर आईडी-पासवर्ड अपने पास रखकर निगरानी किए जाने पर भी आपत्ति जताई गई। बैठक में यह भी कहा गया कि सचिवों को प्रतिदिन भूसा, हरा चारा, दाना आदि की मांग और खपत पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है, अन्यथा उस दिन का भुगतान रोकने की चेतावनी दी गई है। सचिवों का कहना है कि गोवंश को भूखा नहीं रखा जा सकता, जबकि उन पर पहले से गली-खड़ंजा, नाली, परिवार रजिस्टर, फैमिली आईडी और कई अन्य कार्यों का दबाव है। महेवा व भरथना ब्लॉक में कई सचिव बीएलओ ड्यूटी भी कर रहे हैं।सचिवों ने मांग की कि गौशाला संचालन का कार्य पशुपालन विभाग को सौंपा जाए और सचिवों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किया जाए।

जानकारी

विद्यालय प्रबंध समिति और प्रधानाध्यापकों का हुआ प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर

संवाददताता जसवंतनगर इटावा



कार्यक्रम में मौजूद बीईओ गिरीश कुमार, मनोज धाकरे और अध्यापक व सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** ब्लॉक सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों, सदस्यों एवं विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के सुचारु संचालन, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा विद्यालय और समाज के बीच सहभागिता को और मजबूत करना है।

बीईओ ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होती है। समिति के सक्रिय सहयोग से ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार संभव है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान समिति की भूमिका, दायित्वों एवं अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता तथा सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करने में एसएमसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक मनोज धाकरे ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं, स्कूल प्रबंधन, वित्तीय प्रावधानों तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# मुआवजे को लेकर भाकियू टिकैत ने सौंपा ज्ञापन

संवाददताता ताखा इटावा

**अमृत विचार ।** तहसील क्षेत्र में लिंक एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के किसानों को उचित मुआवजा न मिलने को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत, ताखा इकाई ने मंगलवार को एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने अपनी समस्याएं बताते हुए मुआवजा निर्धारण में पारदर्शिता और न्याय की मांग की।

ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू टिकैत के तहसील अध्यक्ष संदीप कुमार लालू ने बताया कि लिंक एक्सप्रेसवे जैसी महत्वपूर्ण परियोजना में किसानों की भूमि ली गई है, लेकिन उन्हें अभी तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन की अगुवाई में तहसील परिसर में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस पर एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा ने किसानों को आश्वस्त किया कि मामले की जल्द जांच कराई जाएगी और जो भी किसान मुआवजे से वंचित हैं या जिन्हें कम मुआवजा मिला है, उन्हें नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। इस मौक पर रामजीवन यादव, नरेंद्र सिंह शीलू , आलोक यादव, दलबीर सिंह, जसवीर सिंह, जयवीर सिंह, प्रदीप कुमार, देवेंद्र सिंह, अजय वीर सिंह, सुरेंद्र यादव शिवरा, ज्ञान सिंह किसान मौजूद रहे।

### आचार्य सुबल महाराज का हुआ स्वागत

**इटावा।** तपस्वी सम्राट आचार्य सन्मति सागर मुनिराज के अंतिम शिष्य एवं जैन धर्म के संत आचार्य सुबल सागर महाराज ससंघ का भिंड मध्यप्रदेश से पदबिहार करते हुए नगर आगमन हुआ।

इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नशिया जी से मंगल प्रवेश एवं आगवानी जुलूस निकाला गया। आगवानी जुलूस नशिया जी मंदिर से प्रारंभ होकर टिक्सी मंदिर, बजरिया, छैराहा-पचराहा, सीओ सिटी चौराहा, तिकोनिया, पक्की सराय, नगरपालिका चौराहा, रंगलाल चौराहा होते हुए महावीर मार्ग स्थित लालपुरा जैन मंदिर पहुंचा। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन, आरती एवं वंदना कर भावभीना स्वागत किया। पूरा नगर गुरुदेव के पावन आगमन पर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। आचार्य श्री ने लालपुरा जैन मंदिर पहुंचकर श्रीजी के दर्शन किए तथा मंगल प्रवचन प्रदान किए।

## न्यूज ब्रीफ

### अछल्दा में दो मारुति वैन से बैटरी चोरी

**अछल्दा (औरैया)।** सेऊपुर स्थित रेलवे पुल के पास बने लॉरेंस स्कूल इंटरनेशनल के परिसर में खड़ी दो मारुति वैन से अज्ञात चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। नीलम यादव पत्नी नरेंद्र यादव सुबह अपने स्कूली बच्चों को लेने के लिए कहा जब ड्राइवर ने गाड़ी स्टार्ट की तो वाहन चालू नहीं हुआ। जांच करने पर पता चला कि उनकी मारुति वैन से बैटरी गायब थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध घायल

**फर्रुखाबाद ।** कमालगंज कस्बे में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग यदुनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। रामलीला मैदान के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। शास्त्री नगर द्वितीय निवासी यदुनाथ सिंह मंगलवार शाम को घर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल यदुनाथ सिंह को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गौशाला में अव्यवस्था पर वीडीओ निलंबित

## दो गोवंशों की मौत के बाद सोशल मीडिया पर मामला वायरल होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

संवाददाता औरैया

- उपजिलाधिकारी बिधूना ने मौके पर जाकर जांच की
- परिसर में भरे गंदे पानी को निकलवाया गया

**अमृत विचार।** जनपद के एरवाकटरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बीबीपुर स्थित गोशाला में गोवंशों की मौत का मामला सोशल मीडिया पर वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आ गया। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी बिधूना को मौके पर भेजकर जांच कराई।

जांच में गंभीर लापरवाही सामने आने पर संबंधित ग्राम विकास अधिकारी अनुज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। वहीं एरवाकटरा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार पांडेय एवं पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिलीप कुमार के विरुद्ध कर्तव्यों में लापरवाही और पूर्व आदेशों की अवहेलना के चलते प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज की गई है।

जांच रिपोर्ट में पाया गया कि गोशाला में मृत गोवंशों का समय से अंतिम संस्कार नहीं कराया गया था। ठंड से बचाव की कोई समुचित व्यवस्था नहीं थी। गोवंशों के लिए हरा चारा और भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं पाया गया। इसके अलावा गोशाला परिसर में साफ-सफाई की गंभीर कमी थी तथा कई स्थानों पर गंदा पानी भरा हुआ था, जिससे गोवंशों के बीमार होने की आशंका जताई गई।

इसके साथ ही संबंधित ग्राम प्रधान को भी गोवंश संरक्षण स्थल के उचित प्रबंधन और देखरेख में लापरवाही पाए जाने पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति किसी भी स्थिति में न हो तथा गोशालाओं में व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए।

## गौशाला निरीक्षण करने पहुंचीं एसडीएम

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** विकासखंड एरवाकटरा की ग्राम पंचायत बीबीपुर में स्थित अस्थायी गौशाला में बुधवार सुबह करीब 11 बजे एक गाय की मौत हो गई। गाय की मौत की सूचना सबसे पहले केयरटेकर द्वारा ग्राम सचिव और प्रधान को दी गई। लेकिन काफी समय तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद मामले की जानकारी उपजिलाधिकारी को दी गई।

सूचना मिलने के बाद उपजिलाधिकारी गरिमा सौनाकिया मौके पर पहुंच गईं। उपजिलाधिकारी के साथ ही खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। उपजिलाधिकारी ने गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और परिसर में भरे गंदे पानी को तत्काल निकलवाने के निर्देश दिए। ताकि पशुओं को किसी प्रकार की बीमारी न हो। मौके पर मौजूद खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार पांडे ने बताया कि एक गाय की हालत पहले से खराब थी। जिसका इलाज चल रहा था। उपचार के दौरान ही उसकी मृत्यु हो गई। वहीं एरवाकटरा के पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने जानकारी दी कि मृत गाय का पंचनामा भरकर नियमानुसार दफन कराया गया है। प्रधान प्रतिनिधि रोहित यादव ने बताया कि संबंधित गाय की स्थिति कई दिनों से गंभीर बनी हुई थी। वहीं केयरटेकर बृजमोहन यादव ने भी एक गाय की मृत्यु की पुष्टि की। पशु चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि गाय की हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी और उसका नियमित उपचार किया जा रहा था। हालत ज्यादा बिगड़ने पर पेट फूलने की समस्या उत्पन्न हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद अधिकारियों ने गौशाला की साफ-सफाई जल निकासी और पशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



गौशाला का निरीक्षण करतीं एसडीएम। अमृत विचार

## घर घर संपर्क कर नए वोट बनवाने का किया आह्वान

संवाददाता औरैया

- पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने विभिन्न बूथ पर जाकर पदाधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

**अमृत विचार।** एसआईआर अभियान के अंतर्गत दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवासी एवं इटावा जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा गोपाल मोहन शर्मा ने बल्लापुर मंडल के बूथ पूरनपुर , फफूंद मंडल के चिरुहलिया, दिबियापुर मंडल के चिचौली बूथ, अछल्दा मंडल के बूथ संख्या 298, 299 बघईपुर 302,303 चिम्मकुनी में घर घर संपर्क किया।

उन्होंने बूथ पर बीएलओ तथा बी एल ए 2 व जिला महामंत्री कौशल राजपूत विधानसभा बीएलए 1, अछल्दा मंडल अध्यक्ष राज वर्धन सिंह, बल्लापुर मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, सर्वेंद्र सिंह सेक्टर प्रमुख गजेंद्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह, बी एल ए 2/बूथ अध्यक्ष के साथ बैठकर नए वोट बनवाये एवं तथा बूथों की जानकारी बीएलओ से प्राप्त की।

दिबियापुर विधानसभा प्रवासी गोपाल मोहन शर्मा ने दिबियापुर के सभी मंडलों में बूथ स्तर पर पहुंचकर एक-एक व्यक्ति को मत से जोड़ने के लिए प्रेरित किया तथा फार्म संख्या 67 व 8 के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा की मत की ताकत से ही लोकतंत्र का निर्माण होता है।

उन्होंने शक्ति केंद्र प्रवासी, संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बी एल ए 2 व बूथ पर रहने वाले एक एक पार्टीजन को सक्रियता के साथ बूथ पर केंद्रित होकर कार्य करते हुए अभियान के प्रति अपनी प्रमाणिकता साबित करे। शर्मा ने कहा कि सच्चे लोकतंत्र के माध्यम से हम देश का विकास कर पाएंगे। उन्होने कहा कि अपराध मुक्त वातावरण, आतंकवाद का खात्मा, भारत का चौमुखी विकास, लूट अपहरण के वातावरण को हमेशा हमेशा दफन करने के लिए मतदाता बनने की आवश्यकता है। इसके अलावा डॉ सर्वेश कठेरिया ने मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत फॉर्म नंबर-6 की समीक्षा की ।



गोष्ठी के दौरान जानकारी देते जिम्मेदार। अमृत विचार

## विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता अभियान

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व को बताया
- अपील की कि किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें

**अमृत विचार।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए इसके लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। चिकित्सकों ने बताया कि तंबाकू सेवन, धूम्रपान, असंतुलित खानपान और अनियमित दिनचर्या कैंसर के प्रमुख कारण हैं। समय रहते जांच और उपचार से इस बीमारी पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें। कार्यक्रम के दौरान सीएचसी परिसर में पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई और मरीजों को कैंसर से बचाव के उपाय बताए गए। विशेष रूप से महिलाओं में स्तन व गर्भाशय कैंसर तथा पुरुषों में मुख व फेफड़े के कैंसर के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

## साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को 50,104 रुपये वापस कराए

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी से निकाली गई 50,104 रुपये की राशि को साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई से पीड़ित के खाते में वापस करा दिया गया है। यह सफलता शिकायत मिलने के बाद औरैया साइबर सेल द्वारा की गई प्रभावी कार्रवाई का परिणाम है।

जानकारी के अनुसार जनपद में साइबर अपराधी व्हाट्सएप पर फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल हैक कर आम जनता को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इस बढ़ते खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा एवं क्षेत्राधिकारी पुनित मिश्रा के मार्गदर्शन में साइबर सेल/साइबर थाना औरैया द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कस्बों, गांवों, व्यावसायिक संगठनों एवं शैक्षणिक संस्थानों में लोगों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

पीड़ित बुद्धेश्वर राव सिद्धार्थ निवासी पूर्वा देवराय, पोस्ट सेहुद, थाना दिबियापुर, जिला औरैया ने साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उन्हें एक अज्ञात नंबर से क्रेडिट कार्ड इंश्योरेंस बंद करने के नाम पर एक लिंक भेजा गया था। जैसे ही उन्होंने उस लिंक पर क्लिक किया, उनके क्रेडिट कार्ड खाते से 50,104 रुपये की धनराशि निकाल ली गई।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक औरैया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर सेल/साइबर थाना को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। साइबर सेल टीम ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित बैंक व तकनीकी माध्यमों से समन्वय कर पूरी धनराशि 50,104 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दी।

## मुर्गी फार्म में 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोहराम**

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत फफूंद में एक 55 वर्षीय व्यक्ति ने मुर्गी फार्म हाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना बीती रात ककोर स्थित जिला मुख्यालय के पीछे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान नागेंद्र उर्फ गुड्डन के रूप में हुई है। बताया गया है कि नागेंद्र उर्फ गुड्डन पिछले कई वर्षों से कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। बीमारी के चलते वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहते थे। परिजनों के अनुसार इसी तनाव के कारण उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतक के परिवार में दो बेटे रोहित और मोहित हैं। रोहित शादीशुदा हैं, जबकि उनकी दो बेटियां भी हैं जिनकी शादी हो चुकी है। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इस संबंध में फफूंद थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि अभी तक थाने पर इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है और न ही किसी परिजन द्वारा पुलिस को सूचित किया गया है।



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## 15 से 23 तक विशाल श्री रुद्र महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भुवनेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में जनपद औरैया में विशाल श्री रुद्र महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं अमृत वर्षा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

यह धार्मिक आयोजन 15 फरवरी से 23 फरवरी तक श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर, खेड़ा धूपखड़ी, सहायक औरैया में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर आचार्य सदानंद महाराज जी ने जालौन रोड स्थित एवरग्रीन होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सद्भावना, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है, साथ ही सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को और अधिक मजबूत करना है।

आचार्य सदानंद महाराज जी, जो कि श्रीमद्भागवत कथा व्यास के रूप में भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे, ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाली अमूल्य धरोहर है। कथा श्रवण से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और समाज में आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। प्रेसवार्ता में उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन आयोजन में शामिल होकर कथा श्रवण करें और अपने जीवन को सफल बनाएं। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एकजुट होकर सनातन संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहेंगे।

## विद्यालय कोठीपुर में बांटे सेनेटरी पैड

**फफूंद (औरैया)।** विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मासिक धर्म से संबंधित एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसको संबोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता पाल नए बच्चों को मासिक धर्म से संबंधित सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म की जब शुरुआत होती हैं तो ज्यादातर बच्चियां डर जाती हैं। लेकिन, इसमें डरने की कोई बात नहीं है। मासिक धर्म का मतलब कि आप बिलकुल स्वस्थ हैं। इसके अलावा और भी आवश्यक बातें मासिक धर्म से संबंधित सावधानियां रखें, स्वक्षता रखें।

## एसपी ने अछल्दा थाना प्रभारी को किया पदोन्नत, कंधे पर लगाए स्टार

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** जनपद औरैया के थाना अछल्दा प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज मिश्रा को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति मिलने पर पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति प्रदान की गई।

इस अवसर पर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। पदोन्नति कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उनको नई जिम्मेदारियों के साथ अपने कर्तव्यों का निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक सशक्त बनाने, आम जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने पर विशेष जोर दिया गया। पंकज मिश्रा की पदोन्नति से थाना अछल्दा ही नहीं, बल्कि क्षेत्र में भी हर्ष का माहौल देखा गया। स्थानीय लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पुलिस-जन संवाद और अधिक मजबूत होगा।



निरीक्षक पद पर प्रोन्नत होने पर बधाई देते एसपी व एएसपी। अमृत विचार

## प्रधान के पुत्र की संदिग्ध हालात में मौत, कोहराम

संवाददाता फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवक घर वालों को बिना बताए सुबह से निकल गया। औरैया मार्ग पर मुढ़ी गांव जाने वाले मार्ग पर रोड के किनारे जल रही आग से तापने लगा, वहीं पर बेहोश होकर गिर गया। देखने पर ग्रामीणों ने परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजन जिला अस्पताल लेकर गये जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर निवासी करन सिह ग्राम प्रधान हैं। उनका 32 वर्षीय बड़ा पुत्र हरीशचंद्र बुधवार की सुबह 8 बजे परिजनों को बिना बताए घर से निकल गया। किसी तरह वह फफूंद औरैया मार्ग पर मुढ़ी गांव जाने वाले मार्ग पर 11 बजे पहुंचा वहां जल रही आग से तापने लगा, तापते हुये एक दम गिर गया। वहां मौजूद ग्रामीणो ने परिजनों को जानकारी दी मौके पर पहुचे परिजन जिला अस्पताल लेकर गये। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण स्पष्ट हो पायेगा।

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
IS15700:2018
कार्यालय सम्पति प्रबन्धक
लोहियापुरम् योजना फतेहगढ़ / छिबरामऊ योजना
emo1farrukhabad@gmail.com
सर्व साधारण को सूचना
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की लोहियापुरम योजना फतेहगढ़ फर्रुखाबाद में दुर्वल आय वर्ग भवन सं0 1/351 श्रीमती बीना दुबे पत्नी श्री सुनील कुमार दुबे के पक्ष कार्यालय पत्र सं0 1236/सं0प्र0 दिनांक 25.08.1994 द्वारा आवंटित है। आवंटन पत्र के अनुसार पूर्ण भुगतान के पश्चात कार्यालय द्वारा श्रीमती बीना दुबे के पक्ष में दिनांक 12.04.2001 को विक्रय विलेख निष्पादित किया गया। भवन सं0 1/351 के मूल आवंटी के पुत्र श्री उत्कर्ष दुबे पुत्र श्री सुनील कुमार दुबे निवासी 1/351 आवास विकास कालोनी फर्रुखाबाद द्वारा मूल प्रदेशन ग्रहीता श्रीमती बीना दुबे की दिनांक 14.08.2024 को मृत्यु हो जाने की सूचना देते हुए उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में अंकित सभी सदस्यों के शपथ पत्र सहित आवेदन किया गया है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0-1/351 को स्व0 बीना दुबे की मृत्योपरान्त उनके पुत्र श्री उत्कर्ष दुबे के पक्ष नामान्तरण में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रुखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।
सम्पति प्रबंधक

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
IS15700:2018
कार्यालय सम्पति प्रबन्धक
लोहियापुरम् योजना फतेहगढ़ / छिबरामऊ योजना
emo1farrukhabad@gmail.com
सर्व साधारण को सूचना
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की लोहियापुरम योजना फतेहगढ़ फर्रुखाबाद में दुर्वल आय वर्ग भवन सं0 1/352 श्रीमती बीना दुबे पत्नी श्री सुनील कुमार दुबे के पक्ष कार्यालय पत्र सं0 1237/ सं0प्र0 दिनांक 25.08.1994 द्वारा आवंटित है। आवंटन पत्र के अनुसार पूर्ण भुगतान के पश्चात कार्यालय द्वारा श्रीमती बीना दुबे के पक्ष में दिनांक 12.04.2001 को विक्रय विलेख निष्पादित किया गया। भवन सं0 1/352 के मूल आवंटी के पुत्र श्री उत्कर्ष दुबे पुत्र श्री सुनील कुमार दुबे निवासी 1/351 आवास विकास कालोनी फर्रुखाबाद द्वारा मूल प्रदेशन ग्रहीता श्रीमती बीना दुबे की दिनांक 14.08.2024 को मृत्यु हो जाने की सूचना देते हुए उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र में अंकित सभी सदस्यों के शपथ पत्र सहित आवेदन किया गया है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन सं0-1/352 को स्व0 बीना दुबे की मृत्योपरान्त उनके पुत्र श्री उत्कर्ष दुबे के पक्ष नामान्तरण में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना साक्ष्य सहित 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रुखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/ क्लेम मान्य नहीं होगा।
सम्पति प्रबंधक

**सख्ती** बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे

# भाजपा बैठक में हिस्ट्रीशीटर की मौजूदगी हुई वायरल, जांच शुरू

संवाददाता दिबियापुर (औरैया)

**अमृत विचार।** मंगलवार को ककोर मुख्यालय स्थित मानस सभागार में बजट को लेकर आयोजित भाजपा की बैठक उस समय चर्चा में आ गई, जब एक हिस्ट्रीशीटर की मौजूदगी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। बैठक में जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। अमृत विचार अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

जानकारी के अनुसार प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला द्वारा बजट को लेकर आयोजित बैठक में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर भी शामिल हो गया। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या और एनएसए जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। एक मामले में उसे न्यायालय से सजा भी हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्ती का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर हिस्ट्रीशीटरों की सरकारी सभागारों तक पहुंच गंभीर सवाल खड़े करती है।

बैठक में पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हिस्ट्रीशीटर थाने की निगरानी सूची में है और वह सभागार में कैसे पहुंचा, इसकी पड़ताल की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि उसे सूचना विभाग के माध्यम से बैठक की जानकारी मिली थी।




बैठक के दौरान जानकारी देते जिम्मेदार। अमृत विचार

## स्वच्छता के लिए स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**अछल्दा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र में लोगों को कूड़ा-कचरा डस्टबिन में डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को ब्लैक इंफ्रारेड की आईईसी टीम द्वारा सेफर रोड स्थित एक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में टीम सदस्य रवि शर्मा एवं अमित कुमार ने स्कूली बच्चों को स्वच्छता अपनाने की अपील करते हुए गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने की जानकारी दी। बताया कि सब्जियों व फलों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चाय पत्ती, फूलों की पंखुड़ियां आदि हरे डस्टबिन में जाला जाय। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**पौथिया (हमीरपुर)।** बेतवा नदी किनारे स्थित सहुरापुर गांव के राम जानकी मंदिर प्रांगण में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कांशी से पधारे कथावाचक रजनीश कृष्ण शास्त्री ने धुंधकारी व गोकर्ण की कथा का सुंदर वर्णन किया। वहीं श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुना कर श्रोताओं का मन मोह लिया। कथावाचक ने कहा कि आज की पीढ़ी की अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों को देने की जरूरत है। कथा श्रवण से मनुष्य का कल्याण होता है और वह सद् मार्ग पर चलता है। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला पुरुष मौजूद रहे। राम बिहारी सिंह चुन्नू ने बताया कथा समाप्ति के बाद 8 फरवरी को कन्या भोज के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पति के खिलाफ प्रताड़ित करने की तहरीर दी

**बिवांर (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नरायच गांव निवासी मौसम पत्नी गेंदालाल ने थाने में तहरीर देते बताया कि कस्बे के एक युवक से प्रेम प्रसंग हो जाने पर 10 साल पहले कोर्ट मैरिज कर लिया था। बीते पांच साल से पति अकारण मारपीट कर प्रताड़ित करता चला आ रहा है। बीते 2 फरवरी को पति ने मारपीट कर कान की सोने की बाली छीन कर बेच दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए पति मेरठ भाग गया है। महिला पति की धमकी से भयभीत होने के साथ परेशान है। महिला ने पति खिलाफ थाना में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। जांच का कार्य कर उसके पति खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व कैंसर दिवस पर जन जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर लगा

**हमीरपुर।** एनपी एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व कैंसर दिवस पर जन जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन जिला पुरुष चिकित्सालय में किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष थीम यूनाइटेड बाई यूनिक पर आधारित रहा। इस थीम का उद्देश्य कैंसर से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति की अलग- अलग यात्रा, जरूरतों एवं अनुभवों को अपनाना एवं जोड़ना है। शिविर में विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर के लक्षण व बचाव के बारे में बताया गया। साथ ही 38 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई है। इस मौके पर नोडल अधिकारी व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.पुष्पेन्द्र कुमार, डॉ.आरएस प्रजापति, डॉ.परमेन्द्र, डॉ.आयुष, डॉ.मोहित सिंह, राजेन्द कुमार यादव, डॉ.नीता एवं कंचन प्रभा, स्टॉफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़कों पर सांड़ों का साम्राज्य, चार महीने में दूसरी मौत से मचा हड़कंप

## सोमवार रात सब्जी मंडी में एक सांड़ के हमले से हो गई थी वृद्ध की मौत

अमृत विचार Follow UP

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


थोक सब्जी मंडी में घूमते गोवंश। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में अन्ना पशुओं की समस्या अब केवल खेती की बर्बादी तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह इंसानी जिंदगियों के लिए काल बन चुकी है। सोमवार की रात कोतवाली के ठीक सामने सब्जी मंडी में एक सांड ने बुजुर्ग गणेश शंकर (78) पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले पांच महीनों के भीतर सांडों के हमले में जिले की यह दूसरी मौत है, जिसने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सोमवार की रात गणेश शंकर सब्जी मंडी में खरीदारी कर रहे थे। तभी एक सांड ने उन पर हमला बोल दिया। कोतवाली के इतने करीब हुई इस घटना ने साबित कर दिया है कि नगर पालिका प्रशासन अन्ना पशुओं के प्रबंधन में पूरी तरह विफल है। इससे पहले मराठीपुरा निवासी राजकुमार तिवारी भी सब्जी मंडी में ही सांड़ के हमले का शिकार होकर कानपुर के अस्पताल में महीनों तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ते रहे। यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते अक्टूबर 2025 में दिवाली से ठीक पहले हमीरपुर की सड़क पर दो सांड़ों की लड़ाई ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दी थीं। सांड़ों की भिड़ंत की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ था। चार महीनों के भीतर दो मौतों के बावजूद प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

स्थानीय निवासियों और किसान यूनियनों में भारी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि सरकार गौशालाओं के नाम पर करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है, लेकिन हकीकत यह है कि कस्बे के थाना चौराहा, सब्जी मंडी, थोक मंडी, मुख्य बाजार और बस स्टॉप व अन्य सार्वजनिक जगहों पर आवारा सांड़ों के अड्डे बन चुके हैं। बार-बार की शिकायतों के बावजूद नगर पालिका ने सांड़ों को पकड़ने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया। यदि जल्द ही इन आवारा पशुओं को गौशालाओं में स्थानांतरित नहीं किया गया, तो किसान यूनियन और स्थानीय लोग बड़े आंदोलन की तैयारी में हैं।

> कस्बे की हर गली में सांड़ों का राज है। नगर पालिका को टैक्स चाहिए, लेकिन सुरक्षा के नाम पर शून्य है। बुजुर्ग की मौत की जिम्मेदार सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही है।
>
> –शिवपूजन निषाद, जिला अध्यक्ष (भाकियू)

> गली–मोहल्लों में सांड़ों के जमावड़े के कारण अब कोचिंग और स्कूल जाने वाले बच्चों को बाहर भेजने में डर लगता है। क्या प्रशासन किसी और बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।
>
> –अंजली प्रिया गौतम, प्रधानाचार्य जीजीआईसी

### किशोरी से छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** बकरी चराने गई किशोरी के साथ गांव के युवक द्वारा छेड़खानी करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कीर्ति माला सिंह ने आरोपी को तीन वर्ष का कठोर कारावास व 8 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मौदहा कोतवाली के एक गांव के ग्रामीण ने तहरीर देकर बताया कि 6 जुलाई 2017 को उसकी तेरह वर्षीय पुत्री बकरी चराने खेत गई थी। जहां शाम 5 बजे गांव के रफीक पुत्र गामा उर्फ जमील अहमद ने उसकी पुत्री को बुरी नीयत से पटककर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी पुत्री को छोड़कर भाग निकला। पुत्री ने घर आकर पूरी घटना अपनी मां को बताई। शाम को मजदूरी करके लौटने पर पत्नी ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद वह पुत्री को लेकर मौदहा कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मुकदमें की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कीर्ति माला सिंह ने आरोपी रफीक को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई।


गायत्री गंगा का निरीक्षण करते एनजीटी टीम के सदस्य। अमृत विचार

## एनजीटी टीम के सदस्यों ने देखी गायत्री गंगा की दुर्दशा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बुधवार को एनजीटी की दो सदस्यीय टीम ने प्रशासनिक अमले के साथ कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण एवं प्रदूषण का अवलोकन किया। इसके बाद टीम चंद्रावल नदी देखने के लिए मौदहा के लिए रवाना हो गई। कस्बे के समाजसेवी राजेश शिवहरे ने कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा के अतिक्रमण एवं प्रदूषण को लेकर एनजीटी में याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने नदी को अतिक्रमण एवं प्रदूषण से मुक्त करने की मांग की है। एनजीटी ने सुनवाई करते हुए दो सदस्यीय टीम को भेज कर स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट तलब की है। इसी को लेकर बुधवार को एनजीटी के सदस्य हरीश कुमार महावर एवं डॉ. कीर्ति वर्मा ने कस्बे से गुजरी गायत्री गंगा को का अवलोकन करके रिपोर्ट तैयार की है। मीडिया से बातचीत के दौरान एनजीटी के सदस्य हरीश कुमार महावर ने कहा कि गायत्री गंगा प्रदूषण एवं अतिक्रमण की शिकार है। रिपोर्ट जल्द दाखिल कर दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य, बीडीओ आशीष कटियार के अलावा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद टीम हाल में पुनरुद्धार की गई चंद्रावल नदी के अवलोकन के लिए मौदहा के लिए रवाना हो गई। याचिकाकर्ता राजेश शिवहरे ने बताया कि टीम एवं अधिकारियों ने उन्हें मौके पर नहीं बुलाया है। जिससे वह अपना पक्ष नहीं रख पाए है।

### कब्जाधारियों को मिला नोटिस, मचा हड़कंप

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** एसडीएम सदर के न्यायालय से सिंचाई विभाग महोबा की बंधी में काबिज लोगों को नोटिस भेज कर अभिलेखों के साथ पांच फरवरी को मौजूद होने की निर्देश दिए गए हैं। नोटिस प्राप्त होते ही लोगों में हड़कंप मच गया है।

बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन तक सिंचाई विभाग की बंधी में एक सैकड़ा लोगों ने कब्जा करके इसका नामोनिशान मिटा दिया है। बंधी में हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए हाईकोर्ट ने 2021 में आदेश पारित किया था। लेकिन यह आदेश आज तक धरातल पर नहीं लागू हो सका। कस्बे में गत माह 15 जनवरी को हुए लव जिहाद, दुष्कर्म, धर्मांतरण के दबाव की घटना के बाद आरोपियों के परिजनों के व्यावसायिक भवन सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाए गए हैं। हिंदूवादी संगठनों ने इस भवन को ढहाने की जोरदार मांग की थी। घटना के 10 दिन बाद एसडीएम सदर के न्यायालय से कब्जा धारकों को नोटिस भेज कर 5 फरवरी को अभिलेखों के साथ हाजिर होने को कहा है।

## सालाना उर्स शुरू, लंगर और चादरपोशी आज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


मजार-ए-मुकद्दस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे सहित क्षेत्र के महान सूफी संत हजरत ताज उददीन बाबा का तीन दिवसीय सालाना उर्स बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताज उद्दीन बाबा रह का तीन दिवसीय सालाना उर्स आज बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

उर्स के सिलसिले में कल बाद नमाज इशा नातिया मुशायरा का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी शायर अपने नातिया कलाम पेश किए। जिसमें फहीम रजा, फरीद परछवी, मसीह निजामी, कारी जमील, आकिल बिजनौरी, इस्लाम मौधवी व इनायत मुईन के अलावा अन्य शायरों ने अपने-अपने कलामों सुनाएं। जबकि उक्त मुशायरे का संचालन मौलाना अताउर रहमान ने किया।

वहीं पांच फरवरी को सुबह बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी होगी और दिन में 11 बजे से लंगर, जबकि बाद नमाज़ असर चादर पोशी होगी और बाद नमाज़ इशा शानदार कव्वालियों की महफिल का आयोजन किया जाएगा। जबकि दिन में दस बजे से कुल की फातिहा और लंगर के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। उक्त जानकारी ताज कमेटी के मोना, लक्की, फरहान, समीर, विक्की, चमन, मुन्ना, सलमान, बाबू, नूरा सहित कमेटी ने अधिक से अधिक लोगों से उर्स के सभी प्रोग्राम में भाग लेने की अपील की है।

### पीआरडी जवान पर महिला ने लगाया छेड़खानी का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** खेत में सुबह शौच को गई महिला को बुरी नीयत के साथ गांव के युवक ने दबोच कर जमीन में गिराकर छेड़खानी की। महिला ने युवक के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराकर उपचार कराया है।

थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 35 वर्षीय महिला घर से खेत में शौच के लिए सुबह 6:30 बजे अकेले जा रही थी। तभी पीछे से गांव का पीआरडी जवान रामकिशोर पुत्र रामसनेही यादव आ गया। महिला को अकेली देखकर बुरी नीयत से उसे दबोच कर जमीन में गिराकर छेड़खानी करने लगा। महिला के विरोध करने पर युवक ने अभद्रता कर मारपीट की। शोर सुनकर शौच क्रिया करने आ रहे गांव के महिला पुरुषों ने ललकारा तो आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। महिला ने तहरीर दी है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि पीआरडी जवान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## शासन से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया सीएचसी, पीएचसी का निरीक्षण

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


राठ सीएचसी का निरीक्षण करती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

- सभी अस्पतालों में पाई गई चिकित्सकों की कमी

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से शासन और स्वास्थ्य विभाग की एक संयुक्त टीम ने राठ, नौरंगा और गोहांड क्षेत्र के सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी तथा उपकेंद्रों आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

मंगलवार की शाम ललितपुर सीएमओ कार्यालय से पहुंचे चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रदीप कुमार यादव और डॉ.देशराज ने सीएचसी और पीएचसी केंद्रों का निरीक्षण किया। नौरंगा सीएचसी सहित उसके अंतर्गत आने वाले सभी पीएचसी और उपकेंद्रों तथा राठ सीएचसी और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण में यह सामने आया कि अधिकांश स्वास्थ्य इकाइयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित स्टाफ की कमी है। ग्रामीण क्षेत्रों के कई अस्पतालों में चिकित्सक और फार्मासिस्ट की उपलब्धता सीमित पाई गई। उप केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि 22 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सीएचओ की आवश्यकता के सापेक्ष वर्तमान में 10 सीएचओ तैनात हैं। निरीक्षण के समय 7 उपस्थित मिले।

वहीं गोहांड सीएचसी और उसके अंतर्गत आने वाले सभी पीएचसी व उप केंद्रों का निरीक्षण चिकित्सा अधिकारी डॉ. छत्रपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कुल 35 स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण किया जहां स्टाफ की कमी की स्थिति पाई गई। निरीक्षण के दौरान सीएचसी राठ के अधीक्षक डॉ.अरविंद कुमार यादव हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डॉ.कनिष्क माहुर, फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता, अजय विश्वकर्मा, मोहित, स्टाफ नर्स अनमोल तथा सुरक्षा गार्ड दृगपाल सिंह सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## बड़े पैमाने पर काटे जा रहे पेड़

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)


गिरवर गांव के पास ट्रकों में लोड करते लकड़ी। अमृत विचार

- हर रोज दो से चार ट्रकों में लोड हो रही बेशकीमती लकड़ी
- अधिकारियों पर लग रहा मिलीभगत का आरोप

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लकड़ी माफिया द्वारा बने पैमाने पर हरे पेड़ों का कटान किया जा रहा है। आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते यह कारोबार चल रहा है। राठ पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर गांव की सीमा से सटे एक खेत में बड़े पैमाने पर जंगल की लकड़ी काट कर ट्रकों में हर रोज बाहर भेजी जा रही है।

ग्रामीण बताते हैं कि प्रतिदिन दो से चार ट्रकों में लकड़ी का चोरी छिपे लदान किया जाता है। बताया जाता है कि इन ट्रकों में हरी लकड़ी लदी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि गिरवर के जंगल और आसपास के जंगलों से लकड़ी की चोरी से कटान कराई जा रही है। इस कटान में वन विभाग के अधिकारियों की भी मिली भगत है। यह भी बताया जाता है कि लकड़ी माफियाओं द्वारा सांठ गांठ कर बेशकीमती लकड़ी काटी जाती हैं। गिरवर गांव के पास एक खेत में लकड़ी रखकर ट्रकों में लोड की जाती है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी सतेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि महोबा जनपद से लकड़ी कटकर आ रही है। मेरे क्षेत्र में कहीं भी कटान नहीं हो रहा है।

### बाल मंदिर में सीनियरों को जूनियर छात्रों ने दी विदाई

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्रों का विदाई समारोह हुआ। इस दौरान कक्षा 11 के छात्रों ने अपने सीनियरों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु तिवारी पुरातन छात्र एनआईटी तमिलनाडु ने कहा कि जीवन में आत्म समर्पण और कठिन परिश्रम से बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। लक्ष्य हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। तभी सफलता मिलेगी।

## वकीलों ने बैठक कर कार्य बहिष्कार का लिया निर्णय


बैठक में मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

- तहसील कर्मियों की कार्यप्रणाली से आहत हैं वकील, जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील प्रशासन की मनमानी से आहत अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करेंगे। उक्त फैसला अधिवक्ताओं ने एल्डर कमेटी की बैठक में लिया गया।

तहसील परिसर में समय-समय पर प्रशासन की शिथिलता की खबरें मीडिया में प्रकाशित होती रहती हैं। उक्त खबरों की पुष्टि तब हुई जब एल्डर कमेटी की बैठक में उक्त मुद्दा छाया रहा। बुधवार को एल्डर कमेटी की बैठक चेयरमैन हयात अहमद खां एडवोकेट तथा अध्यक्ष बृज किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एक राय में तहसील परिसर में अधिकारियों, कर्मचारियों व लेखपालों के द्वारा न्यायिक कार्यों में व्याप्त अनियमितताओं, भ्रष्टाचार व स्वेच्छाचारी पूर्ण मनमाने तरीके से किए जा रहे विधि विरुद्ध आचरण से आहत होने की बात प्रेस विज्ञप्ति के जरिए कही है। वकीलों ने चिंता व्यक्त करते हुए राजस्व न्यायालय के कार्यों का बहिष्कार रहने का फैसला करते हुए डीएम के समक्ष अपनी व वादकारियों की समस्याएं रखने को कहा। बैठक में अधिवक्ता चंद्र प्रकाश खरे, राकेश मोहन दीक्षित, राजेन्द्र द्विवेदी आदि रहे।


स्कूल को एआई सर्टिफिकेट देती जीओ फाउंडेशन की टीम। अमृत विचार

## हिंद एंजिल्स स्कूल बना जिले का पहला एआई सर्टिफाइड स्कूल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के हिंद एंजिल्स स्कूल को जिले का पहला एआई सर्टिफाइड स्कूल का सर्टिफिकेट मिला है। बता दें के हिंद एंजिल्स में पिछले दो सप्ताह से एआई ट्रेनिंग चलती रही। ट्रेनिंग के दौरान स्कूल के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। ट्रेनिंग के दौरान टीचरों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में योग्यता हासिल की। ट्रेनिंग के दौरान टीचरों को गूगल जैमेनाई एप में प्रॉम्प्ट डालना, टेस्ट पेपर बनाने, एआई फोटो बनाने, एक्सल सीट इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। यह विशेष ट्रेनिंग जीओ फाउंडेशन टीम के एरिया बिजनेस हेड जीओ ज्ञान सिंह एवं सीओ सेंटर मैनेजर पंकज मिश्रा के द्वारा दी गई। टीम द्वारा स्कूल को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर स्वदेश राजपूत, प्रधानाचार्य अली बक्स ने कहा कि इस कार्य से विद्यालय में नई गति आयेगी एवं छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

**शब-ए-बारात** — मुस्लिमों ने पूर्वजों की कब्र व मजारों पर की इबादत

## रातभर रोशन रहीं मजारें और कब्रगाहें

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


कब्र व मजारों पर की गई साफ-सफाई व सजावट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार की रात चारों ओर मुस्लिम समुदाय के लोग सारी रात इबादत करते और अपने पूर्वजों की कब्रों और मजारों में आते जाते देखे गए। रातभर मुस्लिम समुदाय ने इबादत की।

मंगलवार को मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार शब ए बारात धूमधाम से मनाया गया। जिसको लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहले से ही अपने पूर्वजों की कब्रिस्तानों की सफाई पुताई करना शुरू कर दिया था और मंगलवार की रात मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए महत्वपूर्ण रात रही। जिसमें लोगों ने सारी रात इबादत में गुजारी और मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पुरखों की कब्रिस्तान और मजारों पर आते जाते रहे। जबकि मस्जिदों में भी नफिल नमाज अदा करने के लिए लोग इकट्ठे रहे। शब-ए-बारात को लेकर नगर पालिका की ओर से सामूहिक कब्रिस्तान में साफ सफाई और बिजली की व्यवस्था की गई थी। जबकि कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण करती रही। इस संबंध में मुस्लिम धर्म गुरु और शहर इमाम मौलाना करामात उल्लाह ने बताया कि यह रात साल में एक बार शाबान महीने की 14 तारीख को सूर्यास्त के बाद शुरू होती है। मुस्लमानों के लिए यह रात बेहद फजीलत की रात मानी जाती है, इस दिन विश्व के सारे मुस्लमान अल्लाह की इबादत करते हैं। वे दुआएं मांगते हैं और अपने गुनाहों की तौबा करते हैं। यह इबादत, रहमत और माफी (मगफिरत) की रात है, जो पवित्र रमजान महीने के आने का संकेत भी देती है।

## बाइक भिड़ने पर थाने के अंदर घुस होमगार्ड को पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- पीड़ित होमगार्ड की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** बाइक से भागवत कथा के निमंत्रण कार्ड वितरित करने जा रहे होमगार्ड की बाइक व गलत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवारों से टक्कर हो गई। मामले में दो युवकों ने थाने के अंदर घुसकर होमगार्ड को जमकर मारापीटा। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। होमगार्ड ने दोनों युवकों के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है।

थाना जलालपुर के मसीदन गांव निवासी जागेश्वर पुत्र शिवचरण ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह 112 नंबर के वाहन में होमगार्ड के रूप में ड्यूटी करता है। भागवत कथा के निमंत्रण कार्ड को रिश्तेदारी में महेरा गांव में देकर बाइक से मिहुंना गांव जा रहा था। तभी रास्ते में गलत साइड से आ रहे महेरा गांव के युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। घटना में उसके गंभीर चोटें भी आई। इसके बावजूद गांव के 10-12 युवक उसके साथ अभद्रता की। वहां से निकलने के बाद कुछ युवकों ने उसका पीछा किया और वह अपना बचाव करने के लिए थाने के अंदर चला गया। जहां सचिन राजपूत व निखिल प्रजापति ने थाने के अंदर घुसकर उसके साथ मारपीट की। दोनों युवकों को मारपीट करते हुए देखकर थाना पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। एसआई जगत नारायण ने बताया कि गार्ड की तहरीर मिली है रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### घंघौरा क्रिकेट क्लब ने कुलवारा को हराया

**बेलाताल।** घंघौरा गांव के मैदान में चल रहे बांकेबिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को घंघौरा क्रिकेट क्लब और कुलवारा क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए घंघौरा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 12 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाए। बल्लेबाजों ने चौके छक्कों की बारिश से दर्शकों को खूब मनोरंजन कर वाहवाही लूटी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुलवारा क्रिकेट क्लब की टीम घंघौरा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और मात्र 9.3 ओवरों में सभी विकेट गंवाकर 70 रन ही बना सकी। इस प्रकार घंघौरा क्रिकेट क्लब ने यह मुकाबला 65 रनों से जीतकर शानदार जीत दर्ज की। मैच के अंपायर अजेन्द्र और जीतू रहे, जबकि कमेंट्री की जिम्मेदारी अंकित और रोहित ने निभाई। स्कोरर के रूप में पंकज ने भूमिका रहे। आयोजक पवन कुमार, हेमन्त अहिरवार, जीतेन्द्र राजपूत, किशन कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

### विद्यार्थियों को दी पुलिस प्रबंधन की जानकारी

**महोबा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरियंस लर्निंग कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर बुधवार को थाना कोतवाली नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह (कार्यक्रम नोडल अधिकारी) के निकट पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम दौरान प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को कार्यक्रम के उद्देश्य, पुलिस प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था, पुलिस विभाग की संरचना, पदेन कर्तव्य, तथा महिला हेल्प डेस्क की स्थापना एवं कार्यप्रणाली के विषय में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। महिला थानाध्यक्ष निकिता शुक्ला ने छात्र/छात्राओं को सरल एवं प्रभावी तरीके से पुलिस कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों एवं पुलिस की जनसेवा भूमिका के बारे में अवगत कराया।

# अकीदत के साथ मना शब-ए-बारात पर्व, रोशन रहीं कब्रगाहें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में शब-ए-बारात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। घर-घर में हलवा बनाकर फतिहा दिलाई गई, इसके बाद लोगों ने एक दूसरों के घरों में जाकर हलवा खाया। शाम से मजारों, मस्जिदों और कब्रगाहों पर आने जाने का सिलसिला शुरू हुआ जो रात भर चलता रहा। लोगों ने कब्रगाहों पर रोशनी और अगरबत्ती जलाकर फातिहा पढ़कर मरहूमों के लिए दुआएं मांगी। मस्जिदों में लोगों ने इबादत और तिलाबत के साथ पूरी रात जागकर गुजारी और सहरी के बाद रोजा रखा। युवक और बच्चे भी शाम से ही मजारों की तरफ नारा ए तकबीर अल्लाहो अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए निकले।



मजार में आते-जाते लोग। अमृत विचार

शब-ए-बारात त्योहार पर महिलाओं ने भी घरों पर जागकर शब-ए-कद्र मनाई। किसी किसी के घर में मिलाद शरीफ हुई, तो कहीं पर महिलाएं पूरी रात इबादत और तिलावत में मशगूल रहीं। पूरी रात शहर में खासी चलह पहल रही। मजार और कब्रगाह भी रात भर मोमबत्ती की रोशनी और अगरबत्ती की खुशबू से गुलजार रही। मजारों पर बिजली की आकर्षक सजावट और मोमबत्ती की रोशनी रातभर देखने को मिली। वहीं कई कब्रगाहों पर साफ सफाई के बाद ही बिजली की रोशनी कर दी गई और रात में मोमबत्तियां भी जलाई गईं। लोग पूरी रात इधर से उधर मजारों और कब्रगाहों पर जाकर फातिहा पढ़ते रहे। पर्व के तहत शाम से ही मजारों पर आने जाने वालों की भीड़ जमा हो गई।

#### शब-ए-बारात पर पटाखों छुड़ाने का चलन खत्म

- बदले जमाने के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है। शब-ए-बारात की रात को लोग पहले पटाखे छुड़ाते थे। घरों में पटाखे छुड़ाने के अलावा मेहताब, फुलझरी भी जलाते थे। इतना ही नहीं रात में मजारों पर जाते समय लोग लोग अंधेरा होने पर पटाखे छुड़ाते थे, इसके बाद पटाखों का चलन इतना बढ़ा कि पिछले तीन दशक तक शब-ए-बारात पर्व पर दिन से लेकर पूरी रात पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी, लेकिन मौलानाओं और उलमाओं की तकरीर के बाद पटाखों का चलन खत्म सा हो गया है। अब शब-ए-बारात पर पटाखों की दुकानें भी नहीं लगती हैं।

#### मजारों पर आने जाने वालों को वितरित की चाय

- शब-ए-बारात यानी गुनाहों से तौबा करने की रात में तमाम लोगों ने जागने वालों के लिए चाय, पानी और खानपान का भी इंतजाम किया। मजारों और कब्रगाहों में फातिहा पढ़ने के लिए आने जाने वालों के लिए रात भर कहीं, चाय तैयार होती रही तो कहीं ब्रेड पकौड़ों की भी व्यवस्था की गई थी। सर्दी का मौसम होने के कारण इस साल शर्बत से लोगों ने किनारा कर लिया। इतना ही नहीं मजार परिसर पर बिजली की भी व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को असुविधा न हो सके।

शब-ए-बारात के मौके पर रात में तीन बजे सहरी करके तमाम लोगों ने रोजा भी रखा। काजी ए शहर सैयद आफाक हुसैन ने मस्जिद में खिताब करते हुए कहा कि शबे बारात यानी गुनाहों से मगफिरत की रात है, इस रात को इंसान का पूरा हिसाब किताब किया जाता है। इसी रात को गिड़गिड़ा कर अल्लाह ताला से गुनाहों की बख्शीस की दुआएं मांगना चाहिए। मस्जिदों में चाय नाश्ते का भी इंतजाम किया गया, जिससे लोगों को इबादत और तिलावत के समय नींद न आए। बुजुर्गों सहित तमाम लोगों ने मस्जिदों में जागकर इबादत में गुजारी। शब-ए-बारात पर्व के चलते मोमबत्ती, अगरबत्ती, माचिस, लोबान की अच्छी खासी बिक्री हुई।

### रामकुंड धाम में आज से रामकथा

**महोबा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीरामकुंड धाम में 5 फरवरी से रामकथा का आयोजन किया जाएगा, जहां पर प्रयागराज से आ रहे कथा व्यास प्रभाशंकर तिवारी रामभक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। 16 फरवरी तक चलने वाली रामकथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से आरम्भ होगी। समापन अवसर पर प्रसाद वितरण कराया जाएगा। 17 फरवरी को हवन एवं पूर्णाहुति सुबह 11 कराई जाएगी। कुशवाहा महासभा के महामंत्री मोहन कुशवाहा ने रामकुंड धाम में इस अद्भुत सत्संग में सपरिवार शामिल होकर पुन्य लाभ लेने की लोगों से अपील की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत के लिए सड़क पर उतरे ग्रामीण

## थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने खोला जाम

संवाददाता, पनवाड़ी

**अमृत विचार।** विकासखंड पनवाड़ी के दुलारा गांव के जर्जर पुल की मरम्मत कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। दो घंटे तक जाम लगाए जाने से विकासखंड जैतपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर थाना महोबकंठ प्रभारी, नायब तहसीलदार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगाए ग्रामीणों से बातचीत कर जल्द से जल्द पुल की मरम्मत कराए जाने का आश्वासन दिया, इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोला, जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका।

दुलारा गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को पुल की मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर मुख्य सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया।



मांग को लेकर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

पनवाड़ी जैतपुर ब्लाक को जोड़ने वाली सड़क पर जाम लगाए जाने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। हरि सिंह, अनिल कुमार रामआसरे, रघुनाथ आदि ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य सड़क का यह महत्वपूर्ण पुल पिछले सात माह से क्षतिग्रस्त है, जिसके संबंध में अधिकारियों को भी अवगत कराते हुए मरम्मत कराए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है, बावजूद इसके आज तक इस पुल का मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद प्रशासन ने इसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है, जिससे विवश होकर विरोध प्रदर्शन कर जाम लगाए जाने का कदम उठाया।

ग्रामीणों ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल से बड़े वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है, फिर भी रात के समय ट्रैक्टर और अन्य भारी वाहन यहां से गुजरते हैं। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि पैदल चलने के लिए बचा हुआ संकरा रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया, तो गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा। जाम लगाए होने की सूचना मिलने पर थाना महोबकंठ के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सरोज मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे और जाम लगभग दो घंटे तक जारी रहा। स्थिति बिगड़ती देख नायब तहसीलदार मुकुल कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे गए और ग्राम प्रधान घासीराम के अलावा ग्रामीणों से बातचीत कर समझा बुझाकर समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोला।

# कैबिनेट मंत्री के निर्देश के बाद गांव की तोड़ी गई गलियों में काम शुरू

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पानी पहुंचाए जाने को लेकर सड़कों को खोदने के बाद मरम्मत न करने और तमाम गांव में पानी न पहुंचने को लेकर चरखारी विधायक ने कुछ दिन पहले महोबा आगमन पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का रास्ता रोककर विरोध जताया था। इसके बाद से प्रशासन हरकत में आया और गांव में खुदाई के बाद टूटी पड़ी सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है।

जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत के सभी ग्रामीण परिवारों के घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल (हर घर जल) उपलब्ध कराना था। हर घर तक पानी पहुंचाने से महिलाओं को दूर दराज के कुओं व हैंडपंपों से पानी ढोने की समस्या से राहत दिलाना एवं आम जनमानस के जीवन को आसान बनाना है, लेकिन कार्यदायी संस्था ने जिन गांवों में सड़क खोदकर पाइप लाइन बिछाई वहां सड़क बंद करना ही भूल गए। कई गांव में पाइप लाइन तो बिछा दी, लेकिन तमाम घरों में हर घर जल योजना के तहत पानी नहीं पहुंच रहा है।



पाइप लाइन डालने के लिए तोड़ी गई सड़क की मरम्मत करते श्रमिक। अमृत विचार

- चार दिन पहले कैबिनेट मंत्री का विधायक ने किया था घेराव

इन समस्याओं को लेकर चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत और जल शक्ति मंत्री के बीच चार दिन पहले नोकझोंक हुई थी। कैबिनेट मंत्री ने बीस दिन के अंदर खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराए जाने और घर घर पानी पहुंचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए, इसके बाद से गांव गांव सड़कों की मरम्मत और पानी की व्यवस्था करने में कार्यदायी संस्था जुट गई है। ग्राम मुढाई सहित कई गांव में उखड़ी पड़ी सड़क का काम तेजी से चल रहा है। मुढारी गांव के देवेंद्र राठौर, सुजीत राजपूत, दिलीप सेन, रोहित तिवारी, राहुल मिश्रा, ब्रजेश नागायच, जैनेन्द्र राजपूत, गोविंद्र तिवारी, विजयकान्त पुरोहित, दिनेश कुशवाहा, प्रेमनारायण नामदेव, मनोज रैकवार, नीरज अहिरवार आदि का कहना है कि अगर जल जीवन मिशन की बदहाली का मुद्दा न उठाया जाता तो गांव की स्थिति आज भी ज्यों की त्यों बनी रहती।

# दो कारों की भिड़त में चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महोबकंठ थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह दो कारे आमने-सामने टकरा गई, जिससे दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक सवास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला पाठकपुरा निवासी रोहित (36) पुत्र सुरेंद्र अपनी मां लक्ष्मी (58) के साथ मंगलवार की रात अल्टो कार से अपने रिश्तेदारों के यहां महोबकंठ एक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। बुधवार की सुबह मां बेटे कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। वहीं दूसरी कार से अर्जुन सिंह (30), प्रिंस कुमार, संतोषी (66) झांसी जा रहे थे, तभी दोनों कारें तेईया गांव के समीप झांसी मिर्जापुर हाईवे पर आमने सामने भिड़ गईं, जिससे कारों में सवार दो महिलाओं सहित चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। कारों की टक्कर होते ही आसपास खड़े ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकालकर सड़क किनारे लाया गया और डायल 112 पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल लक्ष्मी, संतोषी अर्जुन और सुरेंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर डाक्टरों ने घायलों का परीक्षण कर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



अस्पताल में भर्ती घायल महिला। अमृत विचार

### केजीएन मौदहा ने अद्री बांदा को 19 रन से हराया

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के गुसियारी गांव के एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में जीपीएल कप सीजन 19 का फाइनल मुकाबला अद्री बांदा व केजीएन मौदहा के बीच मैच खेला गया। जिसमें केजीएन मौदहा ने अद्री बांदा को 19 रनों से हराकर कप पर कब्जा किया। अद्री बांदा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी केजीएन मौदहा ने निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 129 रन बनाए। शाहबाज पासा ने 32 बालों में 74 रनों की पारी खेली। जवाब में उतरी अद्री बांदा ने 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 110 रन ही बना सकी। फाइनल मैच केजीएन मौदहा ने 19 रनों से जीत लिया। मैच के चीफ गेस्ट क्षेत्राधिकारी रहे।

# श्रद्धा के साथ भक्ति करने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है

संवाददाता, बेलाताल

**अमृत विचार।** अजनर गांव में कथा व्यास आचार्य अश्वनी शास्त्री अपनी मधुर वाणी से लोगों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं। कथा सुनने के लिए गांव के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग भी कथा का अनुशरण कर पुन्य अर्जित कर रहे हैं। कथा व्यास ने आज प्रहलाद और धुरव चरित की कथा का वर्णन किया साथ ही श्रद्धा भाव और विश्वास के साथ भगवान की भक्ति करने से जीवन में सकारात्मक प्रभावों को भी बताया। कथा व्यास ने कहा कि प्रहलाद हिरण्यकश्यप के पुत्र और भगवान विष्णु के महान भक्त थे। हिरण्यकश्यप को अपने पुत्र का भगवान विष्णु की पूजा करना पसंद नहीं था। उसने कई बार प्रहलाद को मारने का प्रयास किया, लेकिन भगवान ने हर बार प्रहलाद की रक्षा की। अंत में भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में आए और प्रहलाद के वरदान का पालन करते हुए हिरण्यकश्यप का वध किया। कथा वाचक ने कहा कि दृढ़ संकल्प का महत्व यही है और ईश्वर में आस्था रखने से सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं।



अश्वनी शास्त्री।

कथा व्यास ने कहा कि भक्ति की कोई उम्र नहीं होती, जैसे बाल भक्त प्रहलाद और ध्रुव ने अल्प आयु में ही भगवान की अनन्य भक्ति कर परम पद प्राप्त किया। कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान का नाम जपता है, उसका जीवन स्वतः ही सद्मार्ग की ओर अग्रसर हो जाता है। नाम स्मरण से मन की शुद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा दौरान श्रद्धालु भजनों, संकीर्तन सुनने और कथा रस में डूबकर हरि नाम के जयकारों से वहां का वातावरण भक्ति मय बना रहा। कथा के समापन पर विधिवत आरती की गई एवं उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान मधुवाला आनंद सक्सेना, समाजसेवी बृजेंद्र चंदेल, गायत्री प्रवाचक ओमप्रकाश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### हाईवे किनारे लग रही थोक फल मंडी, हादसों की आशंका बढ़ी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे में सुबह लगने वाली थोक फल मंडी जगह के अभाव में हाईवे के ऊपर लग रही है। इससे यहां हमेशा खतरे का अंदेशा मंडराता रहता है। कस्बे के प्रतिदिन तड़के फल की थोक मंडी थाने की ठीक बगल में हाईवे के ऊपर लगती है। फलों की ज्यादातर गाड़ियां बाहर से आती हैं और यह हाईवे पर खड़े होकर फल उतारती है। इसके बाद फल खरीदने वाले व्यापारी भी वाहन लगाकर हाईवे पर खड़ा करते हैं। इससे हमेशा हादसे का खतरा मंडराता रहता है कई मर्तबा हादसा होते-होते बचा है। कस्बे के निवासी सोनू गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि ने बताया कि वह कई बार नगर पंचायत जाकर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

## जानी तकनीक | 32 महिला किसानों ने भ्रमण कर कृषि की उन्नत तकनीकों की ली जानकारी

# महिला व किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र का कराया भ्रमण

संवाददाता कुलपहाड़, महोबा

**अमृत विचार।** महिला किसानों को ज्ञानवर्धन और कृषि नवाचारों से रूबरू कराने के उद्देश्य से एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल परिवर्तन परियोजना के तहत सृजन संस्था के तत्वावधान में महिलाओं को कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव छतरपुर मध्यप्रदेश का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर किसानों को नर्सरी प्रबंधन, देशी आम को उन्नत किस्म में परिवर्तित करने की तकनीक का लाइव प्रयोग दिखाया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव के वैज्ञानिक डॉ. कमलेश अहिरवार (उद्यानिकी विशेषज्ञ) ने महिला किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेती के प्रत्येक चरण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बुवाई से लेकर कटाई तक, विशेष रूप से सब्जी उत्पादन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी खेती की सफलता सुनिश्चित करती है। उन्होंने महिला किसानों को नर्सरी प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी साथ ही देशी आम को उन्नत किस्म में परिवर्तित करने की ग्राफ्टिंग तकनीक का लाइव प्रायोगिक प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कृषि मौसम वैज्ञानिक हेमंत कुमार सिन्हा ने मौसम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौसम के बिना खेती की कल्पना असंभव है। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता अतर सिंह निकरा परियोजना ने कृषि विज्ञान केंद्र की संचालित विभिन्न परियोजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा किसानों के लिए उपलब्ध तकनीकी सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया कि केवीके वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में सृजन संस्था के परियोजना प्रबंधक धीरज कुमार ने बताया कि जैतपुर विकासखंड के 50 ग्रामों में परियोजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। करीब 32 महिला किसानों ने भाग लेकर कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित विभिन्न वैज्ञानिक कृषि गतिविधियों एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण दौरान महिला किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न इकाइयों फसल संग्रहालय, नर्सरी इकाई, कम्पोस्ट निर्माण इकाई, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की इकाई का अवलोकन कराया गया। इन इकाइयों के माध्यम से महिलाओं ने ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई तकनीक सहित कृषि के विविध आयामों, आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को नजदीक से समझा साथ ही उन्हें कीट नियंत्रण के लिए प्रकाश प्रपंच की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर धीरज कुमार परियोजना प्रबंधक, पूजा यादव प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, एवं ज्योति अहिरवार फील्ड कोऑर्डिनेटर, उपस्थित रहे।



कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### कोहरे के चलते तीन-तीन घंटे देरी से चलीं ट्रेनें

**महोबा।** मंगलवार को सारा दिन हुई बारिश के बाद शाम से ही आसमान में कोहरा छाने से बुरी तरह धुंध छा गई, जिससे मंगलवार की रात से ही कोहरा छा गया, जिसके चलते कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी। महोबा से दिल्ली की ओर आने जाने वाली ट्रेनों पर सबसे ज्यादा कोहरे का असर दिखाई दिया, जिसके चलते ट्रेने दो से चार घंटे देरी से अपने गन्तव्य स्थानों पर पहुंचीं।

दिल्ली से चलकर वाया महोबा मानिकपुर जाने वाली संपर्क क्रांति तीन घंटे देरी से आयी। दिल्ली से चलकर महोबा आने वाली महाकौशल एक्सप्रेस भी दो घंटे देरी से पहुंची, अन्य ट्रेने का भी कमोवेश यही हाल रहा। इसी तरह मानिकपुर से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति भी दो घंटे देरी से चलती रही। ट्रेनों की लेटलतीफी के चलते रेलवे स्टेशन महोबा, कुलपहाड़ और बेलाताल में यात्री कडाके की ठंड के बीच ट्रेनों के इंतजार में बैठे रहे।

# अधिग्रहण के बाद भी बोरवेल व भवन का नहीं मिला मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कबरई बांध के लिए अधिग्रहित की गई भूमि कुएं और भवन का आज तक किसानों को पूरा मुआवजा नहीं मिला और न ही ग्रामीणों को विस्थापित किए जाने की जिला प्रशासन ने कोई व्यवस्था नहीं की है। इससे नाराज होकर बुधवार को ग्रामीणों ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर मकान, बोरवेल और कुओं का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है साथ ही बेघर हुए ग्रामीणों को कबरई अलीपुरा के बीच में विस्थापित किए जाने की भी मांग उठाई गई।

विकासखंड कबरई के झिरसहेबा गांव निवासी रामकुमार, जगदीश, मुन्नीलाल, संदीप कुमार, उदय सिंह, रामऔतार, धर्मेंद्र, संगीता, कुलदीप कुमार सहित दो दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि कबर्र बांध के लिए झिरसहेबा गांव की भूमि, कुएं मकान और बोरवेल अधिग्रहित कर लिए थे, जिनका मुआवजा आज कर नहीं दिया गया और न ही आश्वासन अनुसार उन्हें विस्थापित किया गया है। ज्ञापन में बताया कि भूमि और भवन का सर्किल रेट 2019 से अब बढ़ाया जाए। गांव के किसानों को अलीपुरा से कबरई के बीच में बसाया जाए। ज्ञापन में बताया कि 2013 के आदेश के अनुसार ही मुआवजा दिया जाए। किसानों को मुआवजा आज की महंगाई दर के हिसाब से उपलब्ध कराया जाने की भी मांग रखी गई है।

बताया कि किसानों को उचित मुआवजा न दिए जाने पर गांव के एक ग्रामीण ने आत्मदाह भी कर ली थी। आज भी ग्रामीण मुआवजे के लिए भटक रहे हैं।



डीएम को ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से महिला किसान की मौत

**मऊ।** सुनीता (40) पत्नी हुबलाल रोज़ की तरह अपने खेत में काम कर रही थी। खेत में फसलों को जानवरों से बचाने के लिए पहले से तार लगाए गए थे, जिसके संपर्क में आने से सुनीता मौके पर गिर पड़ीं। गंभीर रूप से झुलसी सुनीता को काफी देर बाद आसपास के लोगों ने देखा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी की।

### बरगढ़ में हटवाये गये अवैध कब्जे

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरगढ़ में गांव समाज की जमीन से अवैध कब्जा हटा दिया गया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने यह कार्रवाई की। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों और ग्राम प्रधान शैलेश कुमार शुक्ला सहित कई लोगों की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया। पुलिस टीम भी मौके पर रही। इस दौरान तहसीलदार राम सुधार, राजस्व निरीक्षक मुहम्मद असलम सिद्दीकी और लेखपाल शिव विलास सिंह मौजूद रहे।

### साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी

**मानिकपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम रीता सिंह, आरक्षी रामविलास यादव, आरक्षी शिवम द्विवेदी ने राजकीय पालिटेक्निक में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्र/छात्राओं एवं अध्यापकों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जानकारी दी गई। बताया गया कि साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर तुरंत कॉल करें। इसके पश्चात नजदीकी पुलिस स्टेशन और वेबसाइट पर भी रिपोर्ट की जाए।

### विशेष रोल प्रेक्षक ने की एसआईआर संबंधी बैठक

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि एसआईआर की समीक्षा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल प्रेक्षक जेवीएन सुब्रमण्यम् संयुक्त सचिव, नवीन और नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। विशेष रोल प्रेक्षक को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी इस संबंध में जानकारी दी। विशेष रोल प्रेक्षक ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एसआईआर से संबंधित निर्देशों से अवगत कराया। विशेष रोल प्रेक्षक ने तहसील कर्वी में नोटिस की सुनवाई कर रहे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से वार्ता की और नोटिस की सुनवाई के लिए लोगों के अभिलेखों को देखा।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** लगभग एक माह पूर्व पुलिस चौकी के पास हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने बाइक चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला नया खंडेराव निवासी राजाबाबू ने अपनी पत्नी आशा देवी के साथ बीती तीन जनवरी को पुलिस चौकी के पास सब्जी खरीदने गए थे। सब्जी खरीदने के लिए उन्होंने अपनी बाइक चौकी के पास ही खड़ी कर दी। इसी दौरान चोर उनकी बाइक चोरी कर ले गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस से शिकायत करने पर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिसके बाद उसने ऑनलाइन पोर्टल पर बाइक चोरी की शिकायत दी। ऑनलाइन शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आश्वासन के बाद खत्म हुआ युवाओं का 'कफन सत्याग्रह'

## मेडिकल कालेज की मांग को लेकर कर रहे थे आमरण अनशन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तीन दिन तक चला आमरण अनशन मंगलवार रात आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। सीओ अरविंद वर्मा ने अनशन स्थल पर पहुंचकर युवाओं को जिलाधिकारी का वह पत्र दिखाया, जो उन्होंने मुख्यमंत्री के निजी सचिव को भेजा है।

शहीद स्मारक स्थल पर युवा रविवार से कफन ओढ़कर आमरण अनशन पर बैठ गए थे। युवाओं ने अपने आंदोलन को कफन सत्याग्रह का नाम दिया था। इनकी मांग थी कि जिले में मेडिकल कालेज खोला जाए और जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को बेहतर किया जाए। भूपेंद्र सिंह ने बताया था कि उन्होंने खून से लिखा पत्र भी मुख्यमंत्री को भेजा है। भूपेंद्र की सोमवार को तबीयत भी बिगड़ गई थी और उसे पुलिसकर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत कुछ ठीक होते ही भूपेंद्र फिर अपने साथियों के पास अनशन स्थल पर पहुंच गए थे। मंगलवार को पहले एडीएम और सीओ इनको मनाने पहुंचे थे पर इन्होंने अपना अनशन समाप्त नहीं किया था। भूपेंद्र, युवा समाजसेवी व्यापारी विनोद केशरवानी प्रिंस और अन्य युवाओं ने प्रशासन पर उनको प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। सीओ और अनशनकारियों के बीच हल्का विवाद भी हुआ था। हालांकि रात में सीओ अरविंद वर्मा पुनः अनशनकारियों के पास पहुंचे और उनको जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का वह पत्र दिखाया, जो उन्होंने सीएम के निजी सचिव को भेजा है। इसमें यह बताया गया है कि भूपेंद्र सिंह आदि ने मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए सीएम को संबोधित ज्ञापन दिया है। इसके बाद अनशनकारियों ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।




भूपेंद्र और अन्य अनशनकारियों को जिलाधिकारी का पत्र दिखाते सीओ अरविंद वर्मा।

### डीएम ने बुलाया है हमको : भूपेंद्र

- उधर, इस संबंध में भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने उन लोगों को चार दिन बाद बुलाया है। आशा है कि इस दौरान प्रशासन उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा। बताया कि इसके बाद आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उनका कहना था कि अनशन स्थगित किया गया है, समाप्त नहीं।

## डीज़ल टैंकर पलटा, आग का गोला बना वाहन

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के रौली गोंडा गांव के पास बुधवार देर शाम एक बड़ा हादसा होते बचा, जब डीज़ल से लदा एक ऑयल टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गया। पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। कुछ ही पलों में टैंकर आग के गोले में तब्दील हो गया। इससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार टैंकर एसएसडी क्रशर प्लांट भरतकूप में डीजल आपूर्ति कर वापस लौट रहा था। टैंकर में लगभग 30 लीटर डीजल था। जैसे ही वाहन रौली गोंडा के पास पहुंचा, चालक ने नियंत्रण खो दिया। टैंकर सड़क किनारे खंभे से टकराकर पलट गया। डीजल रिसाव होने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते टैंकर धू-धू कर जलने लगा। इससे लोगों में अफरातफरी मच गई और सड़क पर यातायात बाधित हो गया। थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए टैंकर में मौजूद सवारों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## दो घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति, लोग हुए परेशान

**जालौन।** ब्रेक डाउन होने के कारण नगर की बिजली आपूर्ति सुबह दो घंटे ठप रही। इसके बाद भी लुका-छिपी का खेल चलता रहा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजलापूर्ति भी बंद हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उदोतपुरा बिजलीघर में अचानक खराबी आने के कारण सुबह लगभग 10 बजे ब्रेक डाउन हो गया। बिजलीघर के मुख्य फीडर में आई खराबी को लगभग डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ठीक किया जा सका। बिजलीघर में आई खराबी के कारण नगर के तीनों फीडर पर सुबह लगभग पौने 10 से दोपहर 12 बजे तक नगर की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इसके पहले सुबह आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक डेढ़ घंटे रोस्टिंग के चलते नगर की बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली आपूर्ति बंद रहने से नगर की जलापूर्ति भी ठप हो गई। सुबह आठ बजे से से बंद बिजली आपूर्ति दोपहर 12 बजे बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद भी लुका-छिपी का खेल चलता रहा। जिसके कारण बिजली आने के बाद भी नगर के कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। इससे पूर्व अवर अभियंता नवीन कुमार की निगरानी में बिजली कर्मचारी सामीर अली, सुरेश कुमार ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद नगर की बिजली आपूर्ति को सुचारू किया। अवर अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि इंसुलेटर खराब हो जाने कारण बिजली आपूर्ति में व्यवधान आ गया था जिससे ठीक करके आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### गिट्टी लदे ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**राजापुर (चित्रकूट)।** तुलसी चौक लूप लाइन के पास बुधवार अपराह्न सड़क पार कर रहे पैदल युवक को कर्वी की ओर से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक ने कुचल दिया। एसआई शैलेंद्र सिंह और संतोष कुमार, सिपाही शुभम मिश्रा ने घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डा. आशीष चौधरी ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार भेजे जाने तक लगभग 25 वर्षीय युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

## जल्द पकड़े जायेंगे टप्पेबाज

संवाददाता कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** गल्ला मण्डी परिसर में गल्ला व्यापारी के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना का खुलासा हो सकता है। पुलिस को जांच के दौरान मिले सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग हाथ लगे है।

गत सोमवार दोपहर गल्ला मण्डी परिसर में बाइक से आए अज्ञात युवकों ने सरस्वती ट्रेडर्स के संचालक देवेंद्र पुरवार को ट्रैक्टर ट्राली में भरा गल्ला दिखाने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया था और कुछ दूर जाकर उतार कर भाग निकले थे लेकिन इतने मे वह व्यापारी की जेब काटकर 50000 हजार रुपये पार कर ले गये थे। हालांकि उनके जाने के बाद व्यापारी को जेब काटे जाने का अहसास हुआ था और आनन फानन पुलिस को सूचना दी थी। गल्ला व्यापारी के साथ हुई टप्पेबाजी की घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी से जानकारी लेकर मण्डी समिति के कैमरे चेक कराए थे,जिसमे बाइक सवार तेजी से बाइक चलाकर मण्डी गेट से निकलते दिख रहे थे और पुलिस ने उन्ही लोगों को निशाने पर लिया था और उन्हें केन्द्र में रखकर जरूरी जगहों के सीसीटीवी कैमरे जांचे गये तो पुलिस को ऐसा सबूत मिला है कि जिसके सहारे टप्पेबाजों तक पहुंचा जा सकता है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के मुताबिक मामले में अहम सुराग हाथ लगे है अगर कड़ियां सही तरीके से जोड़ ली गईं तो बाइक सवार जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## बेमौसम बारिश से किसान चिंतित

**कालपी।** मंगलवार सुबह हुई बेमौसम बारिश से किसान सदमे में है। उन्हें अपना भविष्य फिर खतरे मे दिखाई दे रहा है। इसके चलते किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। बरसात ठीक ठाक होने से रबी की फसलें ठीक थीं। इतना ही नहीं कुछ दिनों पूर्व पानी बरस जाने से वह कुछ और अच्छी हो गई थी जिससे किसान खुश था और उन्हें देख कर भविष्य के सपने बुन रहा था लेकिन मंगलवार सुबह अचानक बिगड़े मौसम के बाद हुई बरसात ने उनके सपने तोड़ दिए हैं। किसान मान सिंह के अनुसार बेमौसम बरसात से उसके खेत में खड़ी मटर चना की फसलों के साथ साथ गेंहू भी जमीन में गिर गया है। वहीं हीरापुर निवासी राजू ठेकेदार के अनुसार तेज हवा के साथ हुई बरसात से फसलें जमीन पर पड़ी हैं, जिससे उत्पादन पर असर पड़ेगा। इसके चलते किसान परेशान है। मगरौल गाँव के किसान सुधाकर कहते है कि बेमौसम बरसात से फसलो को काफी क्षति हुई है।

### पुलिस ने वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया

**चित्रकूट।** पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली के एसआई विजय कुमार ने एनआई एक्ट के वारंटी योगेंद्र कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी ताम्रबनी को गिरफ्तार किया।

## ब्लाक प्रमुख से विवाद के बाद लाइनहाजिर हुए टीआई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा से विवाद यातायात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह को महंगा पड़ गया। लगभग दो घंटे के धरने के बाद मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने उप निरीक्षक को लाइनहाजिर करने की घोषणा की और इसके बाद ब्लाक प्रमुख और उनके समर्थकों ने धरना समाप्त किया।

दरअसल मंगलवार शाम अरविंद कुमार मिश्रा उर्फ अरविंद रलिहा का टीआई शैलेंद्र सिंह से विवाद हो गया था। बताया जाता है कि ब्लाक प्रमुख अरविंद टीआई शैलेंद्र से किसी बाइकसवार का चालान न करने का अनुरोध कर रहे थे और इसी में विवाद बढ़ गया। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों की अलग अलग बातें हैं। एक पक्ष का कहना है कि टीआई किसी बाइकचालक का चालान कर रहे थे। बाइक पर नंबर नहीं था, कागजात भी नहीं थे। जब ब्लाक प्रमुख ने इसे छोड़ने को कहा तो टीआई ने कहा कि कम से कम बाइक का नंबर तो बता दिया जाए। उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि टीआई ने बाइकचालक और ब्लाक प्रमुख से अभद्रता की। दोनों पक्षों के अपनी अपनी बात पर जोर देने से मामला बिगड़ गया। उधर, ब्लाक प्रमुख ने बताया कि टीआई ट्रैफिक चौराहे पर चेकिंग करते समय बाइकचालक को धमका रहे थे। इस पर उन्होंने ऐसा करने से मना किया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआई ने उनसे अभद्रता की और उनकी गाड़ी का वीडियो बनाने लगे और कहा कि हम दो मिनट में तुम्हारी गर्मी निकाल देंगे। इससे समर्थक उत्तेजित हो गए और वे लोग वहीं धरने पर बैठ गए। बताया कि इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक वहां पहुंचे और मौके पर ही टीआई को लाइन हाजिर करने की घोषणा की, जिसके बाद उनके समर्थक संतुष्ट हुए। उधर, टीआई शैलेंद्र सिंह का कहना था कि वह तो सिर्फ चेकिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बाइकसवार के पास न हेलमेट था, न लाइसेंस और न ही नंबर प्लेट थी। बाइकसवार ने प्रमुख का नंबर लगाकर बात कराई। तो मैंने कहा कि इनसे कहिए कि नंबर बता दें तो मैं छोड़ दूंगा। इसके बाद फोन कट गया। लगभग पंद्रह मिनट बाद ब्लाक प्रमुख आए और वाहन न छोड़ने पर नाराजगी जताने लगे। उधर मैंने नंबर नहीं बताने पर वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इससे ब्लाक प्रमुख और नाराज हो गए और मनगढ़ंत आरोप लगाने लगे। टीआई ने दावा किया कि उन्होंने ब्लाक प्रमुख या किसी से कोई अभद्रता नहीं की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल टीआई को लाइनहाजिर किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को दी जाएगी। इसके बाद उनके आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस पूरे प्रकरण पर तरह तरह की चर्चाओं का बाजार भी गर्म है।



एएसपी से अपनी बात बताते ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद कुमार मिश्रा। अमृत विचार

- दो घंटे तक चलता रहा धरना एएसपी ने आकर समझाया

## तेज रफ्तार आटो पेड़ से टकराया, दो की मौत, चार घायल

**चित्रकूट।** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, एक आटो भरतकूप से बांदा की ओर जा रहा था। भरतकूप के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और यह पेड़ से टकरा गया। इससे सवारियों में चीख पुकार मच गई। इसमें राजू पटेल (48) निवासी भागवतपुर व भूरालाल (70) निवासी तरौंहा की मौत हो गई। संपत देवी पत्नी राजकुमार (मोहनपुरवा, अतर्रा), प्रीति पत्नी कृष्ण कुमार (गोबरिया), महेंद्र पुत्र शिवचरण (लुधवा) तथा तिज्जिया पत्नी श्रीकांत गंभीर रूप से घायल हो गईं। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## विद्यार्थियों को बताये समय प्रबंधन के गुर

**जालौन।** शीघ्र ही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। परीक्षा में समय प्रबंधन को लेकर रघुराज इंटर कॉलेज सिकरीराजा की शिक्षिका भारती प्रजापति ने छात्रों को टिप्स दिए हैं।



शिक्षिका भारती।

रघुराज इंटर कॉलेज की शिक्षिका भारती प्रजापति ने छात्रों को समय प्रबंधन के महत्व के बारे बताते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र मिलने के बाद कुछ मिनट प्रश्नों को समझने में लगाएं और फिर उत्तर लिखना शुरू करें। सबसे पहले सरल और ज्ञात प्रश्नों को हल करने से समय की बचत होती है और आत्मविश्वास बना रहता है। कठिन प्रश्नों को अंत में हल करना बेहतर रहता है, ताकि समय की कमी से नुकसान न हो। उन्होंने छात्रों को मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि परीक्षा के दिनों में पर्याप्त नींद, संतुलित भोजन और नियमित दिनचर्या बेहद जरूरी होती है। अंतिम समय में पूरी किताबें पढ़ने के बजाय पहले से तैयार नोट्स और महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुनरावृत्ति करें। उन्होंने मोबाइल फोन और अनावश्यक गतिविधियों से दूरी बनाए रखने की भी सलाह दी। कहा कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करें, जिससे प्रश्नों के पैटर्न और अंक वितरण की बेहतर समझ बनती है। नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच से किसी भी विषय में अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

## किशोरी को ले जाने का मुकदमा दर्ज

**जालौन।** मंगलवार की सुबह गांव का युवक किशोरी को बहला-कर अपने साथ ले गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी मंगलवार की सुबह से घर के बाहर से लापता हो गई। जानकारी करने पर पता चला कि उनकी बेटी को गांव का युवक नीलेश उर्फ गंगे अपने साथ बहला-फुसलाकर कर बाइक पर बैठाकर ले गया है। पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने हाल ही में मटरी बेची थी जिसका 2.50 लाख रुपये घर में रखा था। बेटी अपने साथ सभी रुपये और सोने, चांदी के आभूषण और अपना आधार कार्ड व शैक्षिक प्रमाणपत्र भी ले गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## खेत में पड़ा मिला विधवा का शव

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती में 55 वर्षीय विधवा महिला का शव घर के सामने ही स्थित खेत में नग्नावस्था में पड़ा मिला। महिला के शरीर पर चोटों के निशान थे।

ग्राम हरकौती निवासी विधवा कमला देवी (55) खेतों में मटर तोड़ने का काम करती थीं। बुधवार की सुबह जब वह मटर तोड़ने के लिए नहीं निकली तो करीब आठ बजे भतीजा आनंद उन्हें घर के अंदर उन्हें देखने के लिए चला गया। अंदर जाकर उसने देखा कि घर के आंगन और बिस्तर पर खून पड़ा था। साड़ी भी आंगन में पड़ी थी। लेकिन कमला देवी घर में नहीं थी। घर के अंदर का दृश्य देखकर वह चिल्लाता हुआ बाहर आया और अपने बड़े भाई पवन कुमार को जानकारी दी। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और कमला देवी की तलाश शुरू कर दी गई। आसपास खेतों में तलाश करने पर घर के सामने ही राई के खेत में कमला देवी का शव नग्नावस्था में पड़ा हुआ था। जिसकी सूचना तत्काल ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल आनंद सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर बाद एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एएसपी प्रदीप वर्मा व फोरेंसिंक टीम भी मौके पर पहुंच गई। शव को देखने पर पता चला कि उसके सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया था। साथ ही आंखों के पास भी चोट के निशान थे। पुलिस ने ग्रामीणों से बात करने का प्रयास किया लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। भतीजे पवन कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मृतका के दो बेटे सुनील व अंकित दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़ व मौजूद सीओ। अमृत विचार

समीक्षा बैठक

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# सड़कें कराएं ठीक और घरों में पहुंचाएं पानी : मनोहर लाल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने बुधवार को विकास भवन के सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराएं। ग्राम पंचायतों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं।

प्रभारी मंत्री ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभागवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग ए है, वे उसे बरकरार रखें। इसके अलावा बी, सी और डी सुधार करें अन्यथा अगली बैठक में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने अधिशासी अभियंता को खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलने और नए कनेक्शन के आवेदनों को लंबित न रखने के निर्देश दिए। शासन की गाइडलाइन के अनुसार निर्बाध विद्युतापूर्ति करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ हर पात्र लाभार्थी को देने, सीएमओ को अस्पतालों में सफाई, सुरक्षा और डाक्टरों की रोस्टर के अनुसार तैनाती, एंबुलेंस सेवाओं को अपटूडेट रखने और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, जिलाध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय आदि मौजूद रहे।




समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिला प्रभारी मंत्री मनोहर लाल।

### संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया

- **चित्रकूट।** विकास भवन के समुदाय प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने 14 अप्रैल तक चलने वाले संपूर्णता अभियान के द्वितीय चरण का मां सरस्वती की पूजा अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। गर्भवती महिलाओं एवं किशोरियों को पोषाहार दिया गया और कुपोषित बच्चों को पोषण किट दी गई। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने कर्मचारियों, कार्यकर्ताओं को ईमानदारी, निष्ठा एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### ठेकेदार पर की जाए कार्रवाई

- मंत्री ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को निर्देश दिए कि सड़कों को गड्ढामुक्त रखें। निर्देशित किया कि नई सड़कों की गुणवत्ता की निरंतर जांच करें तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करें।

- सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की विभागवार प्रगति की समीक्षा

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1418510व इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216168232 के प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। **आयुष प्रताप सिंह पुत्र अनुरूह सिंह कल्याणपुर जागू असजना, विधूना जनपद औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MELWIN RUJARIO RODRIGUES से बदल कर MELWIN ROZARIO RODRIGUES रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **C/O: VALERIAN RODRIGUES R/O: BISHOPS HOUSE HAJRAT GANJ ROAD LUCKNOW, UTTAR PRADESH - 226001**

**सूचना**
मैंने अपना नाम SAMA PARVEEN से बदल कर SHAMA PARVEEN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: PARVEZ ALAM R/O: HOUSE NO 154 PARSAPALAI DIN TULSIPUR BALRAMPUR UTTAR PRADESH - 271210**

